शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 133 | गुवाहाटी | गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, नहीं ... पेज 2

नकली नोट के कारोबार में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार पेज 3

कुछ ताकतें देश को खंडित करने और संस्थाओं को अपमानित करने का... पेज 5

नंबर वन बल्लेबाज बने हैरी ब्रूक, गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार पेज 7



door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


### सुप्रभात

*आलसी राजा अप्राप्त लाभ को प्राप्त नहीं करता।*

**– आचार्य चाणक्य**

## मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने 12 दिवसीय विकास पहल की शुरुआत की

# राज्य में 12 लाख परिवारों को वित्तीय और नैतिक सहायता सुनिश्चित करने की है पहल : सीएम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के सर्वांगीण विकास को गति देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज बुधवार को सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य भर में 12 लाख परिवारों तक सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 12 दिवसीय विकास पहल की शुरुआत की। इस 12 दिवसीय विकास पहल के एक हिस्से के रूप में, मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने आज आनंदराम बरुवा मेरिट छात्रवृत्ति के तहत एचएसएलसी परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले 26,969 छात्रों को नकद पुरस्कार और मुख्यमंत्री की विशेष योजना के तहत कक्षा 9 के छात्रों को 3,23,640 साइकिलें वितरित कीं। इसके अतिरिक्त, प्रज्ञान भारती योजना के डॉ. बाणीकांत काकती मेरिट पुरस्कार के तहत उच्चतर माध्यमिक में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली छात्राओं और 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 48,673 स्कूटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि आज से, टीम असम लोगों से मिलने और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनुदान और सहायता वितरित करने के लिए 12 दिनों की यात्रा शुरू करेगी। -शेष पृष्ठ दो पर

# असम कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में आज राजधानी के लोक सेवा भवन में आयोजित असम कैबिनेट की साप्ताहिक बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में मुख्य तीन बिंदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। अब राज्य के भूमि पाट्टादारों को जमीन का खजाना जमा करने के लिए फिर से पहले जैसी सुविधा बहाल कर दी गई है। यानी, अब न सिर्फ डिजिटल माध्यम से, बल्कि पहले की तरह मौजेदारों के जरिए खजाने का नगद भुगतान भी किया जा सकता है। यानी अब डिजिटल और मैन्युअल दोनों तरीके से जमीन का खजाना जमा कराया जा सकेगा। वहीं, आधार पंजीकरण को लेकर कैबिनेट द्वारा आज नया एसओपी जारी किया गया। इसके तहत सबसे पहले संबंधित क्षेत्र -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### दिल्ली में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी आप : केजरीवाल

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी (आआपा) कोई गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस के साथ गंठबंधन को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खुद आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सिरे से नकार दिया है। बुधवार को उन्होंने एक बयान में कहा कि आआपा दिल्ली में जनता के साथ मिलकर -शेष पृष्ठ दो पर

### इजराइल ने सीरिया को ईरान का सपोर्ट न लेने की दी सख्त चेतावनी

**तेल अबीब।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीरिया की नई सरकार को चेतावनी दी है कि अगर ईरान को सीरिया में फिर से पैर जमाने दिया गया या ईरानी हथियार हिजबुल्लाह तक पहुंचाए गए, तो इजराइल कड़ा कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि इजराइल का मकसद सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना नहीं है, लेकिन देश की सुरक्षा के लिए जरूरी -शेष पृष्ठ दो पर

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 45 पंचायतों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय पंचायती राज पुरस्कार से 45 पंचायतों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की 64 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं। इसलिए, एक विकसित देश बनाने के लिए गांवों का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में सरकार ने पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए गंभीर प्रयास किए हैं, जिसका मकसद ठोस नतीजे -शेष पृष्ठ दो पर

*गौहाटी एचसी की ऐतिहासिक राय*

## सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के गर्भ को खत्म करने की दी अनुमति




**गुवाहाटी।** गौहाटी हाईकोर्ट ने असम के तिनसुकिया में 15 वर्षीय सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति दी। हाईकोर्ट ने इसे पीड़िता के लिए सर्वोत्तम हित माना। मीडिया रिपोर्ट के बाद मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए जस्टिस कल्याण राय सुराना और न्यायमूर्ति सुस्मिता फुकन खांड की पीठ ने राज्य सरकार को भ्रूण का समापन -शेष पृष्ठ दो पर

## राजस्थान सीएम के काफिले से भिड़ी कार, सात पुलिसवाले घायल, मुख्यमंत्री ने खुद पहुंचाया अस्पताल



**जयपुर।** राजस्थान सीएम के काफिले से बुधवार को एक कार भिड़ गई। यह कार रॉन्ग साइड से आ रही थी। हादसे में 7 पुलिसकर्मी समेत 9 लोग घायल हुए हैं, इन सभी को सीएम भजनलाल ने खुद अस्पताल में भर्ती कराया है। यह हादसा जयपुर में जगतपुरा के एनआरआई सर्किल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि यहां से सीएम भजनलाल शर्मा का काफिला गुजर रहा था। अचानक काफिले के सामने रॉन्ग साइड से आ रही कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रॉन्ग साइड से आ रही गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में 7 पुलिसवालों समेत 9 लोग घायल हुए हैं। राजस्थान सीएम भजनलाल ने रूट लाइन नहीं लिया था, जिसकी वजह से हादसा हो गया, -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेश ने कबूला- शेख हसीना के हटने बाद हिंदुओं पर हुए 88 हमले



**ढाका।** बांग्लादेश ने मंगलवार को स्वीकार किया कि अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के बाद अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा की 88 घटनाएं हुईं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि इन घटनाओं में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह खुलासा ऐसे समय किया है जब एक दिन पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बांग्लादेशी नेतृत्व के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों पर हमलों की अफसोसजनक घटनाओं को उठाया था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित भारत की चिंताओं से अवगत कराया था। आलम ने संवाददाताओं को -शेष पृष्ठ दो पर

## परभणी में भड़की हिंसा, कर्फ्यू लागू



**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के परभणी शहर में मंगलवार संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाए जाने के बाद हिसक प्रदर्शन हुआ। इस हिंसा को रोकने के लिए पुलिस ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हिंसा के बाद शहर में सार्वजनिक स्थलों पर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य के रिजर्व पुलिस बल की एक कंपनी को तैनात किया गया है। परभणी रेलवे स्टेशन के -शेष पृष्ठ दो पर

# 2035 तक भारत के पास होगा अपना स्पेस स्टेशन : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत लगातार नए अध्याय लिख रहा है। भारत को कई अंतरिक्ष के मिशन में सफलता हाथ लगी है। आने वाले वर्षों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं निर्धारित की गई हैं। इसको लेकर अपना देश आगे बढ़ रहा है। इस बीच केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री, जितेंद्र सिंह ने बड़ा एलान किया है। केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भारत 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित कर लेगा। वहीं, 2040 तक चंद्रमा पर एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को उतारने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये विकास वैश्विक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत के बढ़ते नेतृत्व को रेखांकित करते हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री, जितेंद्र सिंह ने कहा कि हम 2035 तक अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जा रहे हैं। इसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा, 2040 तक हम एक भारतीय को चंद्रमा पर उतार सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत अपने पहले मानव अंतरिक्ष यान मिशन, गगनयान के लिए भी कमर कस -शेष पृष्ठ दो पर


ৰাজ্যিক নিৰ্বাচন আয়োগ, অসম
State Election Commission, Assam

Check Your Name in Draft Panchayat Electoral Roll 2024-25
Navigate to https://ermssec.assam.gov.in

Download PDF Electoral Roll
- Select District Name
- Select ZPC Name
- Select GP Name
- Select Ward Name
- Select Polling Station Name

Download

Search By EPIC Number
- Select District Name
- Enter EPIC Number

Search

1. The Draft Electoral Roll is available in the offices of the Gaon Panchayat, Block Development, Zilla Parishad and District Commissioner as well as in the website of the District Administration and the State Election Commission.
2. For filing Claims & Objections contact your concerned ERO/AERO/District Officials to know about the procedure.
3. If you are eligible to vote as on 01.01.2025 you can also file claims for inclusion of your name in Panchayat Electoral Roll.
4. The formats of filing Claims & Objections is available in the office of the EROs/AEROs and Gaon Panchayat as well as in the website of the District Administration and the State Election Commission.

https://ermssec.assam.gov.in or https://sec.assam.gov.in

Published by Directorate of Information & Public Relations, Assam
Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in
Subscribe to Asom Barta Whatsapp 'Assam' at 7636834943

-- Janasanyog /D/10298/24/12-Dec-24

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, नहीं चली राज्यसभा

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच एक बार फिर आज तकरार हुई और कार्यवाही हंगामे के भेट चढ़ गई। सदन में सुबह ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गई, जिसके कारण पहले सदन की कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सूचीबद्ध दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पांच नोटिस मिले हैं। सभापति ने नोटिस देने वाले सदस्यों में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास का नाम लिया। उसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की



ओर से सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की आलोचना की। उन्होंने जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस के संबंधों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी के साथ जॉर्ज सोरोस का नाम सत्ता पक्ष की ओर से नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की ओर से जोड़ा गया है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि विपक्ष को शर्म आनी चाहिए कि वे ऐसे व्यक्ति से जुड़े हैं, जो देश के खिलाफ काम करता है। विपक्षी भारत विरोधी ताकतों के साथ काम करते हैं और फिर सभापति के खिलाफ नोटिस देते हैं। सभापति का समर्थन करते हुए रिजिजू ने हंगामे के बीच कहा कि 72 साल में एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना है। उन्होंने संसद और संविधान की गरिमा को बनाए रखा है। विपक्ष उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य सभापति के पद का सम्मान नहीं कर सकते तो वे सदन के लायक नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और देश को बताना चाहिए सोरोस और उनके बीच क्या संबंध है ? कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष संविधान के प्रति निष्ठा रखता है जबकि सत्ता पक्ष के लोग बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग संविधान के हत्यारे हैं। इस बीच सदन में हंगामा होने लगा, जिसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा की बैठक शुरू होने के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश को अस्थिर करने की कोशिश में अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस का साथ देने का आरोप लगाया और चर्चा की मांग की। उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के लिए भी कांग्रेस की निंदा की।

## युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं तो उनके नए और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए।

## इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है : गडकरी

**ग्रेटर नोएडा ( हि.स. )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में निर्माण प्रदर्शनी बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि आज इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत में कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में जिन मशीनों का निर्माण किया जा रहा है उन्हें अमेरिका भी मंगवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 39 एक्सप्रेसवे के प्रोजेक्ट प्रोसेस में हैं। मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने वाला है। केंद्र सरकार कश्मीर टू कन्याकुमारी तक एक्सप्रेस-वे की योजना पर काम कर रही है। बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया-2024 का आयोजन 11-14 दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जा रहा है।

## गौरीसागर के नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत

**शिवसागर( हिंस )।** गौरीसागर के नशा मुक्ति केंद्र में एक युवक की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। घटना ओवर कॉम फाउंडेशन नामक नशामुक्ति केंद्र की है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मृतक की पहचान पलाश चेतिया (25) के रूप में हुई है। पलाश शिवसागर के बेंतबारी का निवासी था। युवक की मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। युवक को प्रगति अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## चार चोर गिरफ्तार

**दरंग ( हिंस )।** दरंग जिले के सिलापथार पुलिस ने चार शातिर अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान सिलापथार साप्ताहिक बाजार के मंगलवरिया बाजार से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान दो नाबालिक सहित अर्जुन ठाकुर (23), धर्मवीर महतो (18) के रूप में की गई है। पुलिस गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी के 18 मोबाइल फोन बरामद किया है।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सुविधार्थ जनरल कोच की संख्या में बढ़ोतरी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय रेलवे (आईआर) सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रहा है। बेहतर सेवाएं प्रदान करने और यात्रियों की बढ़ती मांगों को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, भारतीय रेल ने विभिन्न ट्रेनों के 635 रेकों में 1,914 से अधिक नए नॉन-एसी कोच शुरू किए हैं। इस पहल से प्रतिदिन लगभग 1 लाख अतिरिक्त यात्री जीएस कोचों में यात्रा कर सकेंगे, जो रेलवे के समावेशिता और सुविधा पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। इसके अलावा, 384 ईएमयू रेक और 185 एमईएमयू रेक के संचालित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप क्षमता में 72 लाख यात्रियों की वृद्धि हुई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज संसद में इसकी जानकारी दी। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया है कि पूसीरे भी इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो भारतीय रेल की सफलता में योगदान दे रहा है। वर्तमान में, पूसीरे ने पहले ही 39 ट्रेनों में 292 जीएस कोच बढ़ाए है, जिससे अपने जोन और इसके बाहरी यात्रियों को अधिक सुविधा और पहुंच मिल रही है। ये प्रयास यात्री सेवाओं में सुधार और समाज के सभी वर्गों के लिए ट्रेन यात्रा को अधिक आरामदायक और समावेशी बनाने के प्रति पूसीरे के समर्पण को रेखांकित करते हैं। पूसीरे साधारण श्रेणी के यात्रियों की जरूरतों को प्राथमिकता देने की दृढ़ प्रतिबद्धता है, इस प्रकार इस जोन और देश भर में यात्रा के अनुभवों में सुधार हुआ है।

## सिपाझार के नारिकली में सड़क हादसा, युवक की मौत

**दरंग ( हिंस )।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 पर हुए हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मृतक की पहचान कुशल दास (27) के रूप में हुई है। मृतक मानव बेज नामक एक अन्य युवक के साथ मोटरसाइकिल पर घूमने गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसकी पल्सर बाइक (एएस-01-एफवी-3770) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कुशल दास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और मानव बेज नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। उधर कामरूप जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 पर बेजेरा के पास खेहेनीपाड़ा में बुधवार को हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पल्सर बाइक (एएस- 01बीएल- 8362) एक ही दिशा में जा रही डंपर से टकरा गई। इस घटना में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उसी दिशा से आ रही बाइक ने जब डंपर को पार किया तो पीछे से डंपर ने जोरदार टक्कर मार दिया। मृतक की पहचान चांगसारी के निरेन लाहोक के रूप में हुई है।

## मानकाचर में 1879 ग्राम गांजा जब्त

**दक्षिण सलमारा-मानकाचर ( हिंस )।** मानकाचर में पुलिस ने 1879 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रताप दास के नेतृत्व में मानकाचर पुलिस की एक टीम ने मानकाचर थाना क्षेत्र के झाउडांडा गांव के आक्कास मंडल (52) के घर पर छापा मारा।

## मोरीगांव में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मोरीगांव ( हिंस )।** मोरीगांव में हेरोइन के साथ एक कुख्यात तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जिले की लाहरीघाट थाना क्षेत्र के अमरागुड़ी में पुलिस ने छापा मारकर 11.34 ग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की है। छापामारी के दौरान पुलिस ने आरोपित अंसारी आलम को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। यह छापामारी विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

CONSULTATION WITH APOLLO HOSPITALS, CHENNAI EXPERTS
Apollo HOSPITALS
Will be available only for consultation at Guwahati on 21-12-2024
Gastro Clinic
Dr M. Preethi MBBS, DNB (Med), MRCP, DM (Gastro)
Patients suffering from Jaundice, Ulcers, Gallbladder Stone, Blood in motion, Abdominal Pain, Acidity, Anorectal disease (Pile & Fistula), Liver Cirrhosis, Alcoholic Liver disease, Fatty Liver disease, Hepatitis B & C, Pancreas & Bladder cancers, Gastroesophageal Reflux disease, Esophageal cancers, Burning Sensation in the stomach, Change in Bowel Habits, Acute & Chronic Pancreas disease etc.
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph : 8404037649, 0361-3102166, 0361-3102669

CONSULTATION WITH APOLLO EXPERTS
Apollo HOSPITALS
CARDIOLOGY CLINIC
DR DILIP KUMAR MISHRA
MS, M.Ch (PGI), FICS (USA)
Visiting GUWAHATI on 28th December'2023
Patients Suffering from High BP/ cholesterol, coronary heart diseases & valve problem. Requiring bypass sugrgery (CABG), Heart valve repairs, Atrial Fibrilation ablation, Heart Transplant, / aortic aneurysm /LV aneurysm, adult congenital deseases like holes in heart ( ASD, VSD ) etc.
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

# पृष्ठ एक का शेष

### राज्य में 12 लाख परिवारों ...

यह 12 दिवसीय अवधि राज्य भर में 12 लाख परिवारों को वित्तीय और नैतिक समर्थन सुनिश्चित करेगी। असम को महान बनाने के उनके दृष्टिकोण के लिए बाणीकांत काकती और आनंदोराम बरुवा जैसे दिग्गजों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने प्राप्तकर्ता छात्रों को बधाई दी और उनसे परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और दृढ़ता के गुणों को अपनाने और योग्य नागरिक बनने के लिए कहा। उन्होंने छात्रों से खुद को सशक्त बनाने और स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया जैसे राष्ट्रीय आंदोलनों में योगदान देने को कहा। छात्रों को अमृत पीढी के नाम से संबोधित करते हुए डॉ. शर्मा ने उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने का प्रयास करने को कहा। छात्रों को विकसित भारत का भविष्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों के सशक्तीकरण के लिए उनकी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में गतिशीलता लाई है। राज्य सरकार ने बेहतर बुनियादी ढांचे और नए संस्थानों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि 23 मेडिकल कॉलेजों के अलावा, जिनमें से कुछ काम कर रहे हैं और कुछ का काम पूरा होने वाला है, दरंग, हैलाकांदी और होजाई में तीन मेडिकल कॉलेजों की नींव रखी जाएगी। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में चाय बागान क्षेत्रों में 224 स्कूल स्थापित किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में राज्य के हर जिले में एक विश्वविद्यालय होगा, ताकि राज्य के हर बेटे और बेटी को उच्च शिक्षा सुनिश्चित और सुविधाजनक बनाया जा सके। राज्य की लड़कियों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने लड़कियों से जीवन की किसी भी परिस्थिति में अपनी पढ़ाई न छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी पढ़ाई जारी रखने में मदद करने के लिए *निजुत मोइना* योजना शुरू की है। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद महिलाओं को सरकारी नौकरियों के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि अब सरकारी नौकरी पाना बहुत ही निष्पक्ष और पारदर्शी हो गया है, जिसमें कोई कदाचार शामिल नहीं है, इसलिए उन्होंने शिक्षित लड़कियों से सरकारी नौकरियों के लिए प्रयास करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि चूंकि राज्य सरकार इस 12 दिवसीय यात्रा पर निकल रही है, इसलिए वह कुछ अतिरिक्त प्रोत्साहन भी दे रही है। उन्होंने कहा कि असम माइक्रोफाइनेंस प्रोत्साहन और राहत योजना के तहत 78,000 से अधिक उधारकर्ताओं को उनकी ऋण योग्यता और वित्तीय स्थिरता बहाल करने के लिए 223.30 करोड़ रुपए से अधिक के कुल राहत पैकेज से लाभान्वित किया जाएगा। आपदा प्रभावित 6.86 लाख से अधिक परिवारों को गृह पुनर्निर्माण, आजीविका सहायता और आवश्यक आपूर्ति के लिए 353.37 करोड़ रुपए वितरित किए जाएंगे। औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को समर्थन देने के लिए 6,490 स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को 21.90 करोड़ रुपए वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रज्ञान भारती योजना के तहत स्कूटर प्राप्त करने वाले छात्रों से भी आग्रह किया कि वे लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही अपने दोपहिया वाहन चलाएं। उन्होंने उनसे स्कूटर के साथ बाहर निकलते समय हेलमेट पहनने को भी कहा। शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु ने भी इस शुभारंभ समारोह को संबोधित किया, जिसमें कृषि मंत्री अतुल बोरा, पर्यावरण और वन मंत्री चंद्र मोहन पटवारी, विधायक रमेंद्र नारायण कलिता, सुमन हरिप्रिया, दिगंत कलिता, हेमांगा ठाकुरिया और अन्य लोग शामिल हुए।

### असम कैबिनेट की...

के सर्किल ऑफिसर यह देखेंगे की आधार के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति ने एनआरसी के लिए आवेदन किया था या नहीं। यदि एनआरसी के लिए आवेदक के परिवार द्वारा आवेदन किया गया था, तब आधार की अगली प्रक्रिया जिलों के अतिरिक्त आयुक्त देखेंगे। राज्य सरकार ने आधार से संबंधित प्रक्रिया चलाने के लिए असम सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया है। नई एसओपी के अनुसार यदि किसी व्यक्ति ने एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया था तो उसका आधार राज्य सरकार द्वारा वेरीफाई नहीं किया जाएगा। वहीं, कैबिनेट ने राज्य की पंजीकृत सोसाइटियों के नवीकरण की प्रक्रिया को फिर से सरल कर दिया है। यदि किसी समिति का 10 वर्षों तक भी नवीकरण नहीं हुआ है तो वह बगैर कोई फाइन जमा कराए ही अपनी सोसाइटी का नवीकरण करा सकता है। इसके लिए कोई अतिरिक्त फीस जमा करना नहीं होगा। सरकार ने यह निर्णय मिशन वसुंधरा के तहत स्कूलों, मंदिरों, नामघरों, सामाजिक संगठनों आदि को भूमि को पट्टा देने को ध्यान में रखकर किया है। सोसाइटी रजिस्ट्रेशन नहीं होने की वजह से इनका पट्टा मिलना कठिन हो रहा है। कैबिनेट की बैठक में और भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता...

करने और 19 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। कोर्ट ने कहा कि 29 नवंबर को एक मीडिया रिपोर्ट से पता चला कि तिनसुकिया में एक 14 वर्षीय पीड़िता से चार नाबालिगों सहित सात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले में पांच दिसंबर को स्वत: सुनवाई करते हुए कोर्ट ने गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971 (एमटीपीए) के मुताबिक पीड़िता की जांच और गर्भावस्था की समाप्ति के लिए मेडिकल बोर्ड और जिला स्तरीय समिति का गठन किया था। मामले में मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि लड़की किसी भी प्रसूति प्रक्रिया से गुजरने के लिए फिट है, लेकिन बोर्ड ने गर्भावस्था को समाप्त करने का सुझाव नहीं दिया। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि लड़की नाबालिग है और वह 26 सप्ताह से अधिक का अवांछित गर्भधारण किए है। हम जानते हैं कि इस स्तर पर गर्भपात करे से पीड़िता की जान को खतरा हो सकता है। हालांकि अगर मौजूदा स्थिति और पूर्ण अवधि में होने वाले प्रसव के दौरान जोखिम पर गौर करें तो दोनों ही स्थितियों में जोखिम समान है। अप्रैल के सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि हमें संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन का आदेश देने का अधिकार है। यह अवांछित भ्रूण के गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन का आदेश देने के लिए एक उपयुक्त मामला है जो पीड़िता के नाबालिग होने के कारण उसके सर्वोत्तम हित में होगा। कोर्ट ने यह भी कि यदि न्यायालय के आदेश के अनुसार कोई मामला चलाया जाता है, तो यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971 और इसके तहत बनाए गए नियमों के दंडात्मक प्रावधान लागू नहीं होंगे। वहीं कोर्ट ने तिनसुकिया या पड़ोसी डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में राज्य के खर्च पर नाबालिग की गर्भावस्था की चिकित्सा समाप्ति करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। निर्देश में कहा गया कि जिला अधिकारी नाबालिग के लिए एक परामर्शदाता की मदद भी लें। उसे प्रक्रिया से गुजरने के लिए मानसिक रूप से तैयार होने में सहायता मिल सके और यदि आवश्यक हो तो परामर्श भी दिया जा सके। माता-पिता और पीड़िता ने प्रक्रिया में शामिल जोखिमों के बारे में जानते हुए अवांछित गर्भावस्था की चिकित्सा समाप्ति के लिए अपनी सहमति जताई है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने ...

हासिल करना था। मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत की नींव केवल आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीयों निकायों पर रखी जा सकती है। पंचायतों को अपनी आय के स्त्रोत को विकसित करने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके। इससे ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास मिलेगा और देश को भी ताकत मिलेगी। पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतो को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, यह पुरस्कार आपके समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने भरोसा जताया कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेगा और अन्य ग्राम पंचायतों को भी गांवों के विकास में प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को सियासी रूप से मजबूत बना रही हैं। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि महिलाएं स्थानीय स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सभी चुने हुए प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को निर्भीक होकर पूरी क्षमता के साथ निभाएं। राष्ट्रपति ने पंचायत चुनावों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव जन प्रतिनिधियों को लोगों के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि पंचायत चुनाव निष्पक्ष तरीके से समय पर हों। चुनाव के दौरान और बाद में हिंसा की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव हमेशा एक सौहार्दपूर्ण माहौल में होने चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह याद रखना चाहिए कि गांववाले अपने ही बीच से जनप्रतिनिधियों को चुनते हैं, ताकि उनके भले के लिए काम किया जा सके। मुर्मू ने यह भी कहा कि पंचायती राज प्रणाली का मकसद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जवाबदेह बनाना और प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर विवाद ऐसे होते हैं जो स्थानीय स्तर पर हल किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे ग्राम पंचायत स्तर पर ही गांवों के विवादों का समाधान करें।

### राजस्थान सीएम के ...

दरअसल सीएम भजनलाल ने खुद ही रूट लाइन के लिए मना किया है ताकि उनके काफिले की वजह से किसी आम आदमी को ट्रैफिक में परेशानी न हो। इसलिए काफिले के वक्त भी ट्रैफिक चलता रहता है और सीएम का काफिला भी निकल जाता है। काफिले में रॉन्ग साइड से आ रही कार की टक्कर के बाद सीएम भजनलाल कार से उतरे और उन्होंने हादसे में घायलों की जानकारी ली। इस हादसे में काफिले में शामिल 7 पुलिसवाले घायल हुए हैं। वहीं टकराने वाली गाड़ी में सवार दो लोगों को भी गंभीर चोटें आई हैं। सीएम भजनलाल गंभीर घायल जवानों को खुद अपने साथ लेकर गए और अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने काफिले के वाहन से टकराने वाली कार को कब्जे में ले लिया है। इस कार का चालक भी घायल हुआ है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश में है कि आखिर गलती कहां से हुई। दरअसल कुछ दिन पहले ही सीएम भजन लाल ने सीएम का काफिला गुजरने के दौरान ट्रैफिक न रोकने की बात कही थी। इसीलिए ट्रैफिक लगातार चल रहा था इसी बीच सीएम का काफिला गुजरा और रॉन्ग साइड से आ रही कार ने काफिले में शामिल वाहन में टक्कर मार दी।

### बांग्लादेश ने कबूला...

बताया कि पांच अगस्त से 22 अक्तूबर तक अल्पसंख्यकों से संबंधित घटनाओं में कुल 88 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामलों और गिरफ्तारियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि पूर्वोत्तर सुनामगंज, मध्य गाजीपुर और अन्य क्षेत्रों में भी हिंसा के नए मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले भी हो सकते हैं जहां कुछ पीड़ित पिछली सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्य रहे हों। सरकार अब तक इस बात पर जोर देती रही है कि कुछ घटनाओं को छोड़कर, हिंदुओं पर उनकी आस्था के कारण हमला नहीं किया गया। आलम ने कहा कि 22 अक्तूबर के बाद हुई घटनाओं का ब्यौरा जल्द ही साझा किया जाएगा।

### परभणी में भड़की...

पास बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास कांच में संविधान की प्रतिकृति रखी हुई थी। मंगलवार को यह प्रतिकृति खंडित पाई गई। जैसे ही यह खबर सामने आई, अंबेडकर के समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर जिला कलेक्टर के कार्यालय पर हमला किया और वहां की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। लेकिन बुधवार सुबह से प्रदर्शनकारियों ने फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने दोपहर एक बजे के आसपास एक दुकान के बाहर पीवीसी पाइप को आग के हवाले कर दिया। जैसे ही भीड़ हिंसक हुई, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ा। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि पुलि यह पता लगाए कि संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाने के पीछे कौन लोग थे। अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी बड़ी तादाद में आगे बढ़ते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। कुछ महिला कार्यकर्ताओं सहित प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के अंदर घुसकर वहां के फर्नीचर और कांच की खिड़कियां तोड़ दीं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों का एक समूह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए सुबह पहुंचा था। लेकिन रास्ते में समूह ने दुकानों के साइन बोर्ड और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाया और सड़क पर टायर जलाए। इस बीच, वस्मात क्षेत्र में भी बंद का आयोजन किया गया, जिसके कारण स्थानीय प्रशासनको अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था तैनात करनी पड़ी। मंगलवार शाम को प्रदर्शनकारियों ने परभणी रेलवे स्टेशन पर ट्रैक भी बाधित किया और नंदीग्राम एक्सप्रेस के लोको पायलट के साथ मारपीट की। पुलिस अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की। कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने वाले पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं और हिंसा से बचें। मुंबई की सांसद और अंबेडकरवादी नेता वर्षा गायकवाड़ ने मामले की गहराई से जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि संविधान का अपमान कैसे किया जा सकता है ? गिरफ्तार किए गए लोगों से सख्ती से पूछताछ होनी चाहिए, ताकि इसके पीछे के मास्टरमाइंड का पत चल सके। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने सरकार और स्थानीय प्रशासन को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अगर सही समय पर कार्रवाई की जाती, तो हिंसा को टाला जा सकता था। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने संविधान की प्रतिकृति के अपमान की निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की भी अपील की।

### 2035 तक भारत...

रहा है, जो एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजेगा। पहले अंतरिक्ष यात्री के 2024 के अंत या 2026 की शुरुआत में अंतरिक्ष की यात्रा करने की उम्मीद है। भारत का यह मिशन यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो देश को मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता वाले देशों की श्रेणी में शामिल कर देगा। गौरतलब है कि अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों के साथ-साथ भारत महासागर की गहराई का अन्वेषण करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। सरकार के डीप सी मिशन का उद्देश्य 6,000 मीटर की गहराई पर समुद्र तल का अन्वेषण करने के लिए एक मानव को भेजना है, ये एक ऐसा काम है जो भारत ने पहले कभी नहीं किया है। इसकी जानकारी भी केंद्रीय मंत्री ने दी है। यह मिशन भारत के समुद्री संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा, जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान और अन्वेषण में इसकी क्षमताएं और मजबूत होंगी।

### दिल्ली में कांग्रेस ...

विधानसभा चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन की किसी भी तरह की कोई संभावना नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि खुद अरविंद केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं हो रहा है। आआपा अकेले चुनाव लड़ेगी। पिछले तीन चुनाव में हमने लगातार भाजपा को बुरी तरीके से हराया है। दिल्ली में हमने उस वक्त 67 सीटें लीं, जब नरेंद्र मोदी 2014 में हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र जीतकर आए थे। उसके तुरंत बाद 2015 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में हमने दिल्ली में 67 सीटें लीं। फिर 2020 में हमने 62 सीट लीं। तो आआपा अकेले चुनाव लड़ेगी और भाजपा को बुरी तरीके से शिकस्त देगी। वरिष्ठ नेता एवं सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी अपने संगठन की ताकत और राजनीतिक बलबूते पर लड़ेगी। किसी प्रकार के गठबंधन का सवाल ही पैदा नहीं होता। आआपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन के जो कयास मीडिया के एक सेक्शन में लगाए जा रहे हैं, उनका कोई आधार नहीं है। आआपा पिछले तीन चुनाव लगातार अपने बलबूते पर लड़ती आई है, जीतती आई है, सरकार बनाती आई है और सरकार चलाती आई है। चौथी बार भी 2025 में जब दिल्ली में विधानसभा चुनाव होंगे तो आआपा अपने काम की और अरविंद केजरीवाल के नाम की बदौलत चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। किसी प्रकार के गठबंधन की कोई गुंजाइश ही नहीं है। आआपा अपने बलबूते पर यह चुनाव लड़ने जा रही है।

### इजराइल ने सीरिया को ...

कदम उठाए जाएंगे। नेतन्याहू ने कहा कि अगर सीरिया की नई सरकार ईरान को फिर से स्थापित होने देती है या ईरानी हथियार हिजबुल्लाह तक पहुंचने देती है, तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे और इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जो पिछली सरकार के साथ हुआ, वही इस नई सरकार के साथ भी हो सकता है। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने इजराइली वायुसेना को सीरिया की पुरानी सरकार द्वारा छोड़ी गई सैन्य क्षमताओं पर हमला करने की अनुमति दी थी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ये हथियार जिहादियों के हाथ न लगें।

तापमान
अधिकतम 25°
न्यूनतम 12°

## असम के जोराई स्टेशन पर जीसीपीए की नाकाबंदी से रेल यातायात प्रभावित

**गुवाहाटी (हिंस)।** ग्रेटर कूचबिहार पीपुल्स एसोसिएशन (जीसीपीए) द्वारा अलीपुरद्वार डिवीजन के जोराई रेलवे स्टेशन पर रेल नाकाबंदी के कारण आज रेल यातायात प्रभावित हुआ है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 06:45 बजे प्रदर्शनकारियों ने जोराई स्टेशन पर पहुंचकर रेल यातायात को बाधित कर दिया। सुबह 08:00 बजे तक 5000 से अधिक प्रदर्शनकारियों ने स्टेशन पर एकत्र होकर सभी लाइनों को अवरुद्ध कर दिया। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के 500 से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। रेल नाकाबंदी के परिणामस्वरूप कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा और कई ट्रेनों को फकीराग्राम-गोलकगंज-न्यू कूचबिहार के वैकल्पिक मार्ग से भेजा गया। डायवर्जन से प्रभावित यात्रियों की सुविधा के लिए बसों और टाटा सूमो की व्यवस्था की गई है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# नकली नोट के कारोबार में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार




**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के खेत्री थाना क्षेत्र इलाके में स्पेशल टास्क फोर्स असम (एसटीएफ) की एक टीम ने अभियान चलाकर नकली नोट के कारोबार में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने बुधवार को बताया कि एसटीएफ के परिदर्शक कपिल पाठक के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान नकली नोट के कारोबार में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। खेत्री थाना क्षेत्र के टेघेरिया इलाके से लखीमपुर के बिहपुरिया निवासी माफिदुल इस्लाम, नूरजमाल इस्लाम उर्फ माहेश्वरी और सोनपुर के हाटखोला के अब्दुल कलाम और बाबू को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने कार (एएस-01ईपी-5476) और पांच मोबाइल फोन जब्त किया है। ज्ञात हो कि बीते 21 नवंबर को सोनपुर के खारिकटिया इलाके से पुलिस ने भारी मात्रा में नकली नोट समेत एक आरोपित को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध एसटीएफ.पीएस में दर्ज मामला 20/2024 धारा 61(2)/318(4)/179/180/181/62/111(3) बीएनएन (नकली नोट मामला) के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार सभी आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है।

## 239.5 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी में 239.5 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की एक टीम ने गरचुक थाना अंतर्गत आईएसबीटी, बेंतकुची के अंदर छापा मारा। इस दौरान एक ड्रग्स तस्कर को उस समय पकड़ा गया, जब वह प्रतिबंधित पदार्थ की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। बीएनएसएस तथा एनडीपीएस एक्ट की सभी औपचारिकताओं का पालन करते हुए तलाशी के दौरान 19 साबुनदानी में रखी गई 239.5 ग्राम हेरोइन (बिना साबुनदानी के) तथा एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नूरुल हक (45) के रूप में हुई है। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं शुरू की जा रही हैं।

## अंतरराज्यीय आपदा प्रबंधन सम्मेलन में प्रथम बटालियन एनडीआरएफ ने की सक्रिय भागीदारी



**गुवाहाटी (हिंस)।** असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अंतरराज्यीय आपदा प्रबंधन में अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजित किया गया। शुक्रवार को गौहाटी विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मेलन में मॉक ड्रिल के साथ आपदा प्रबंधन उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रथम बीएन एनडीआरएफ के टूआईसी कुलदीप शर्मा की देखरेख में हुए इस मॉक ड्रिल में 50 से अधिक बचावकर्मियों ने आवश्यक उपकरणों के साथ भाग लिया। इस दौरान एनडीआरएफ ने पीड़ितों को अस्पताल पूर्व का उपचार दिया। इस मॉक ड्रिल को देश के अन्य राज्यों से 800 वरिष्ठ प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों ने देखा और इसमें भाग लिया। सम्मेलन के दौरान राज्य की खेल मंत्री नंदिता गार्लोसा, केशव महंत (राजस्व और डीएम), असम और असम पुलिस महानिदेशक एवं एएसडीएम के सीईओ ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने प्रदर्शित अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन उपकरणों का अवलोकन किया। इन लोगों ने आपदा के दौरान प्रतिक्रिया और उनके बचाव कार्यों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे नवीनतम उपकरणों और प्रौद्योगिकियों की समीक्षा भी की। प्रथम बटालियन एनडीआरएफ के कमांडेंट एचपीएस कंडारी ने एनडीआरएफ की संपूर्ण भागीदारी की निगरानी की और प्रतिभागियों को जानकारी दी।

# श्रीभूमि जिले में रिश्वत लेते रंग हाथों गिरफ्तार हेड मास्टर

**गुवाहाटी (हिंस)।** श्रीभूमि जिले में एक स्कूल हेड मास्टर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय, असम में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि 1148 आजाद एलपी स्कूल, बागिरखोला, नीलामबाजार, जिला श्रीभूमि के प्रधान शिक्षक सुशांत नाथ ने संबंधित बीईईओ के माध्यम से अपना एमएसीपीएस (टाइम स्केल) कार्य करवाने के लिए शिकायतकर्ता से दो हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि सुशांत नाथ प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला श्रीभूमि के दक्षिण श्रीभूमि अध्याय के ब्लॉक सचिव भी हैं। रिश्वत देने के लिए तैयार न होने पर, शिकायतकर्ता ने उपर्युक्त लोक सेवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए इस निदेशालय से संपर्क किया। तदनुसार, बुधवार को सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की एक टीम द्वारा श्रीभूमि शहर के विसर्जन घाट के पास एक जाल बिछाया गया। सुशांत नाथ, प्रधानाध्यापक को शिकायतकर्ता से मांगे गए दो हजार रुपए रिश्वत लेते ही रंगे हाथों पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से दागी रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई है।

## रंगिया : एसएसबी की फ्रंटियर स्पोर्ट्स मीट

**कामरूप (हिंस)।** फ्रंटियर स्पोर्ट्स मीट 12 से 14 दिसंबर तक रंगिया के मरानजाना स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। बीटीआर प्रमुख प्रमोद बोडो 12 दिसंबर को उद्घाटन समारोह में मौजूद रहेंगे। इस स्पोर्ट्स मीट का उद्देश्य जवानों में स्वास्थ्य जागरूकता लाना, एक टीम के रूप में काम करने की मानसिकता का निर्माण करना, खेल में रुचि लाना आदि है। इस दौरान बैडमिंटन, वॉलीबॉल आदि विभिन्न खेल आयोजित किए जाएंगे।

# चिरांग में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन




**विकसित भारत समाचार**

**चिरांग।** चिरांग के रुनीखाता एचएस स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में बुधवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र, चिरांग द्वारा रुनीखाता कॉलेज, रुनीखाता एचएस स्कूल की एनएसएस इकाई और चिरांग के जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विज्ञान मेला प्रदर्शनी, युवा कलाकार और लेखक प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता सहित कई तरह की गतिविधियाँ शामिल थीं। इसमें एक जीवंत सांस्कृतिक उत्सव भी शामिल था जिसमें समूह प्रदर्शन के साथ जिले भर से युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं। इन कार्यक्रमों ने स्थानीय युवाओं को रचनात्मक रूप से जुड़ने, अपने विचारों को व्यक्त करने और एक सहायक और प्रेरक वातावरण में कौशल विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। युवा उत्सव एक महत्वपूर्ण अवसर है जिसका उद्देश्य युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना और सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को बढ़ावा देना है।

## शोणितपुर में सड़क के किनारे शव बरामद

**शोणितपुर (हिंस)।** शोणितपुर जिले के तेजपुर के बरुवा सूबूरु इलाके में एक युवक का शव बरामद किए जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सड़क के किनारे एक युवक का शव खून से लथपथ अवस्था में बरामद किया गया है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि किसी वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई होगी। मृत युवक की पहचान देऊरी गांव के विकास कलिता के रूप में की गई है। पुलिस मृत युवक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिएअस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# कामरूप (मेट्रो) जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक




**गुवाहाटी (हिंस)।** कामरूप (मेट्रो) जिला आयुक्त सुमित सत्तावन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति के बैठक कक्ष में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कामरूप (मेट्रो) जिला यातायात पुलिस उपायुक्त जयंत सारथी बोरा, अतिरिक्त जिला आयुक्त अजीत कुमार शर्मा, परिवहन विभाग के विशेष अधिकारी और कामरूप (मेट्रो) जिला परिवहन विभाग के विशेष अधिकारी ने बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला परिवहन अधिकारी (प्रमोटर) हिमांशु कुमार दास, प्रमोटर निरीक्षक विक्रमादित्य गोगोई, नीतू चेतिया, यातायात निरीक्षक पंकज कुमार दास और जिला सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक सावधानी थी कि दिसंबर और जनवरी के महीनों के दौरान, जिले के आसपास के क्षेत्र में किसी भी पिकनिक पार्टी की गाड़ी का चालक शराब के नशे में गाड़ी चलाकर अप्रत्याशित आपदाओं और दुर्घटनाओं को आमंत्रित न करे।

## कलगछिया में आयुर्वेदिक रिसर्च सेंटर में लगी भीषण आग

**बरपेटा (हिंस)।** बरपेटा जिले के कलगछिया स्थित देवकुरा में मदीना हर्बल आयुर्वेदिक अनुसंधान केंद्र में बुधवार को भीषण आग लग गई। आग उस समय लगी जब कर्मचारी केंद्र में काम कर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि आग बिजली की सार्ट सर्किट के कारण लगी। आयुर्वेदिक दवा कंपनी की दो मूल्यवान मशीनें पूरी तरह से जल गईं और काफी मात्रा में रखे गए रसायनों को व्यापक नुकसान पहुंचा। आग लगने से करीब 30 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। स्थानीय लोगों और कोलगछिया फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

# बीटीआर सरकार का सोशल मीडिया और साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**विकसित भारत समाचार**

**कोकराझाड़।** बोड़ोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने आज कोकराझाड़ गर्ल्स हाई स्कूल में *छात्रों के लिए सोशल मीडिया और साइबर सुरक्षा खतरों के प्रभाव* पर एक अभूतपूर्व जागरूकता अभियान का आयोजन किया। बीटीआर आईपीआर विभाग की इस अग्रणी पहल का उद्देश्य छात्रों और युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और साइबर अपराध से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में शिक्षित करना है। अभियान का उद्घाटन करते हुए, सूचना और जनसंपर्क के लिए बीटीसी ईएम डॉ. निलुट स्वर्गियारी ने छात्रों से मोबाइल फोन और इंटरनेट का बुद्धिमानी से उपयोग करने का आग्रह किया, उनके फायदे और नुकसान दोनों को स्वीकार करते हुए। उन्होंने इस तरह के जागरूकता अभियानों के माध्यम से युवा पीढ़ी को सही रास्ते पर लाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह पहल सीईएम प्रमोद बोरो के गतिशील नेतृत्व में छात्रों को अवसर और सही दिशा प्रदान करने के लिए बीटीआर सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बीटीआर सरकार एक मजबूत मानव संसाधन आधार बनाने के लिए समर्पित है, क्योंकि निरंतर प्रयास गरीबी को खत्म करने और प्रगति हासिल करने की कुंजी है। डॉ. स्वर्गियारी ने आगे बताया कि इस महीने के भीतर बीटीआर के सभी पांच जिलों में अभियान चलाया जाएगा। ईएम डॉ. स्वर्गियारी ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की भी प्रशंसा की, विशेष रूप से हाल ही में घोषित एपीएससी सीसीई परिणामों में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली लड़कियों की। उन्होंने छात्रों को दृढ़ संकल्प के साथ दृढ़ रहने के लिए प्रोत्साहित किया, इस बात पर जोर देते हुए कि लक्ष्यों की स्पष्टता, कड़ी मेहनत और लचीलापन चुनौतियों पर काबू पाने और सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। अपने संबोधन में संयुक्त सचिव रैक्टिम बुरागोहेन ने छात्रों को अपने विचारों और प्रतिक्रियाओं पर सचेत नियंत्रण का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे वे डिजिटल क्षेत्र और अपने व्यक्तिगत जीवन दोनों में सूचित निर्णय लेने में सक्षम हों। कार्यक्रम में कई विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिनमें सीआईटी, कोकराझाड़ के प्रोफेसर प्रणब कुमार सिंह, साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया उपयोग में डीएसपी मधु काकोटी शामिल थे। उन्होंने सुरक्षित डिजिटल उपस्थिति बनाए रखने के महत्व और छात्रों के लिए ऑनलाइन सतर्क रहने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्वश्वष्ठ के सलाहकार, बीटीआर रंजन के बरुवा ने किया। इससे पहले, अपने स्वागत भाषण में, बीटीआर आईपीआरडी के आरओ सह सीएचडी जाहिद अहमद तपादर ने जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए अभियान से सीखे गए सबक को दैनिक जीवन में एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि, असम में यह पहली बार है कि किसी सरकारी विभाग ने छात्रों के लिए ऐसा कदम उठाया है, जो इसे एक अनूठा और पथप्रदर्शक प्रयास बनाता है। न तो किसी अन्य छठी अनुसूचित परिषद और न ही राज्य सरकार ने छात्रों को डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के कौशल से लैस करने के उद्देश्य से ऐसा व्यापक कार्यक्रम शुरू किया है।

## सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक की मौत

**शिवसागर (हिंस)।** शिवसागर जिले के हलूवाटिंग इलाके में हुई सड़क हादसे में स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को टैंकर (एनएल-07एए-4241) द्वारा ठोकर मारे जाने से एक ही दिशा में जा रहे स्कूटी (एए,-04एई-2215) स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस की टीम में मृत व्यक्ति का शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान बूढ़ागांव निवासी शशी बोरा के रूप में की गई है। दुर्घटना के बाद टैंकर चालक मौके से फरार होने की कोशिश की। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से टैंकर को जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस पूछताछ के लिए टैंकर चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर याबा टैबलेट के साथ एक गिरफ्तार




**गुवाहाटी (हिंस)।** सीमा सुरक्षा बल (सीसुब), गुवाहाटी फ्रंटियर के सीमा प्रहरियों ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाकर एक हजार नग प्रतिबंधित याबा टैबलेट जब्त किए। जवानों ने तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। सीसुब गुवाहाटी फ्रंटियर के पीआरओ ने बुधवार को बताया है कि एक सूचना पर सीमा सुरक्षा बल गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत तैनात 162वीं बटालियन के सतर्क सीमा प्रहरियों ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा के सीमावर्ती इलाके में एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान यहां एक व्यक्ति के पास से पांच लाख रुपए की प्रतिबंधित याबा की एक हजार टैबलेट जब्त की। जवानों ने तस्करी के आरोप में व्यक्ति को पकड़ कर अग्रिम कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**कार्बी आंग्लांग (हिंस)।** कार्बी आंग्लांग जिले के सिलानीजान इलाके में डंपर और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बीती रात डंपर (एएस-05सी-7670) और विपरीत दिशा से आ रही बाइक (एएस-09डी-5026) के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसकी वजह से बाइक चालक देइथर रंबंघाट के बेनसन इंग्ती गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## असम राइफल्स, लोकरा ने मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया



**विश्वनाथ। (विभास)।** असम राइफल्स ने असम राइफल्स हाई स्कूल, लोकरा में मानवाधिकार दिवस मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच मौलिक मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कुल 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 42 छात्र, 09 शिक्षक और असम राइफल्स के 02 कर्मी शामिल थे। कार्यक्रम में आकर्षक चर्चाओं और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से मानव अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया, जिससे उपस्थित लोगों के बीच जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना पैदा हुई। असम राइफल्स ने शिक्षा और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने, युवा दिमाग पर स्थायी प्रभाव डालने और सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।।

## रंगिया : सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**रंगिया (निसं)।** रंगिया तिनाली निवासी चंदन दास की रंगिया में डीए मोटर्स के सामने भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक चंदन दास रंगिया का एक प्रतिष्ठिथ व्यवसायी था। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना सड़क किनारे डिवाइडर की चपेट में आने के बाद हुई। यह दुखद घटना तब हुई जब वह एएस 01 बीजेड 8082 रॉयल एनफील्ड बाइक से गुवाहाटी से रंगिया अपने आवास के लिए आ रहे थे। रंगिया के वार्ड नंबर 6 के रहने वाले चंदन दास अपनी मौत के समय अपने पीछे पत्नी और बेटे को छोड़ गए है। दुर्घटना के तुरंत बाद उन्हें रंगिया के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने रंगिया को झकझोर कर रख दिया है। चंदन दास का शव फिलहाल रंगिया थाने के मार्ग में रखा हुआ है।

# विश्वनाथ और बरपेटारोड में मनाई गई गीता जयंती





**विश्वनाथ (विभास)।** आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव लीला कांता सरमा ने बताया कि गीता जयंती के शुभ अवसर पर आज यहां समर दलानी स्थित श्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में एक गीता प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर को मनाने के लिए कुल बीस भक्तों ने गीता का पाठ किया। इसके बाद इलाके की महिला समाज द्वारा नाम कीर्तन किया गया। इसी दिन अर्जुन ने पहली बार महाभारत के युद्ध के दौरान भगवान श्रीकृष्ण से गीता के श्लोक सुने थे। इस कार्यक्रम में नारद उपाध्याय, दामोदर भराल, पुण्य निरोला, मेघश्याम शर्मा, पूर्ण कुमार शर्मा, होमनाथ ढकाल, भीम प्रसाद घिमिरे, मधुसूदन भराल, लीला कांता शर्मा, अग्नि प्रसाद दुलाल सहित धर्मप्रेमी लोग उपस्थित थे।

**बरपेटारोड** से हमारे संवाददाता के अनुसार स्थानीय श्रीराधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी के भव्य प्रांगण में गीता परिषद बरपेटारोड समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित रामदेव शर्मा एवं पंडित विकास शर्मा ने गीता परिषद के अध्यक्ष मंगतू राम गौरीसरिया को श्रीमद् भागवत गीता का विधिवत पूजन करवाकर किया। तत्पश्चात स्तुति एवं विष्णु सहस्रनाम पाठ करके श्रद्धेय स्वामी रामसुखदासजी महाराज के सानिध्य में महन्त श्री क्षमाराम जी महाराज द्वारा गाई गई गीताजी की ऑडियो के साथ-साथ उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में गीताजी के 18 अध्याय का पाठ किया एवं हरि नाम संकीर्तन करके गीताजी की आरती की। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की एवं भक्तों की उपस्थिति सराहनीय रही ज्ञात हो स्वर्गीय हनुमान प्रसादजी अग्रवाल ने चार दशक पहले गीता परिषद की स्थापना कर गीता पाठ एवं गीता जयंती उत्सव प्रारंभ किया तभी से यह जयंती हर साल मनाई जाती है। अंत में परिषद के अध्यक्ष ने, श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी के अध्यक्ष, सचिव एवं धार्मिक महिला समिति तथा सभी उपस्थित भक्तों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन किया।

संपादकीय

# जॉर्ज सोरोस भारत-विरोधी

**संसद** के दोनों सदनों में हंगामे, नारेबाजी की एक त्रिकोणीय स्थिति है। त्रिकोण के एक सिरे पर भाजपा, संभल, जॉर्ज सोरोस हैं। दूसरे सिरे पर अडाणी समूह और सोनिया-राहुल गांधी हैं। तीसरे सिरे पर राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की कवायद है। कोई भी कोण समझौते और सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन के पक्ष में नहीं लगता। संसद अखाड़ा बनकर रह गई है। जॉर्ज सोरोस के परोक्ष हस्तक्षेप और भारत-विरोधी सोच और ऐसे ही संगठनों को आर्थिक मदद आदि देने का मुद्दा कुछ अधिक संवेदनशील और कूटनीतिक है। संभल, उप्र की सांप्रदायिक हिंसा पर सपा संसदीय बहस की पक्षधर है, तो कांग्रेस 'अडाणी, अडाणी' के अलावा किसी और मुद्दे पर संसदीय दखल के मूड में नहीं है। कांग्रेस को लगता है कि इसी मुद्दे पर जनादेश मिल सकता है, हालांकि पार्टी बार-बार नाकाम रही है। अडाणी समूह भारत के सर्वोच्च औद्योगिक समूहों में एक है। उस पर लगातार प्रहार करना और उसे अपमानित करने का एजेंडा चलाना देशहित में नहीं है। लोकतंत्र के मायने वाचालता नहीं हैं। कांग्रेस की राज्य सरकारों ने हजारों करोड़ रुपए के ठेके अडाणी समूह को दिए हैं और आज भी ऐसे ठेके कर्नाटक, तेलंगाना की कांग्रेस सरकारों में जारी हैं। अडाणी समूह की काट के लिए एक पुराना मुद्दा, संसद में भी, गूंज रहा है। जॉर्ज सोरोस और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इसमें एक ही सिक्के के दो पहलू लगते हैं। हंगरी में जन्मे सोरोस अमरीका के उम्रदराज उद्योगपति हैं। वह 600 अरब रुपए के बाजार-मूल्य के उद्योगपति हैं। उन्होंने विश्व भर में करीब 90,000 करोड़ रुपए के दान विभिन्न संगठनों को दिए हैं। सोरोस की मदद से ही 30 देशों के 150 खोजी पत्रकारों का एक संगठन बना-ओसीसीआरपी। इस संगठन के सौजन्य से अमरीकी प्रवास के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की उस प्रेस-वार्ता का आयोजन किया गया था, जिसकी विषय-वस्तु अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी के ही इर्द-गिर्द थी। प्रधानमंत्री मोदी को कई मौकों पर ओसीसीआरपी ने 'अलोकतांत्रिक नेता' करार दिया। इस संगठन के जरिए जम्मू-कश्मीर में 'फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स फाउंडेशन' बनाया गया था। सोरोस मोदी-विरोध के इस चक्रव्यूह का बुनियादी दानदाता रहा है। ओसीसीआरपी और फोरम ने जम्मू-कश्मीर को 'अलग देश' माना था और प्रचारित कर उसकी व्याख्या भी की थी। आपत्तिजनक मुद्दा यह है कि 1997 में सोनिया गांधी जम्मू-कश्मीर वाले संगठन की सह-अध्यक्ष थीं। वह भारत-विरोधी प्रचार और सोच के संगठन में पदाधिकारी थीं, लिहाजा देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त थीं। बहरहाल हम अडाणी समूह के खिलाफ दुष्प्रचार में सोरोस की वित्तीय और अन्य भूमिकाओं को एक तरफ रखते हैं, क्योंकि यह व्यक्तिगत औद्योगिक खुन्नस का मामला भी हो सकता है। यदि सोरोस भारत-विरोधी गैर-सरकारी संगठनों को, अलग-अलग कार्यों के लिए, पैसा मुहैया कराता रहा है, तो आज तक उसकी अनुमति किन आधारों पर दी जाती रही? क्या भारत सरकार के गृह और वित्त मंत्रालयों को जानकारी नहीं रही कि सोरोस किस मकसद से कुछ संगठनों को वित्त-पोषित करता रहा है? क्या सोरोस और भारत के गांधी परिवार के बीच कोई सांठगांठ, मिलीभगत है, बेशक वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ रही हो? यदि किसी भारत-विरोधी अभियान, सर्वेक्षण, दुष्प्रचार में सोनिया गांधी की सवालिया, संदिग्ध भूमिका रही है, तो मौजू सवाल यह है कि 1997 के संदर्भ की याद 2024 में ही क्यों आई? क्या वह संदर्भ आज भी प्रासंगिक है? यदि वाकई ऐसा है, तो सोनिया गांधी के खिलाफ देशविरोध का केस दर्ज किया जाए। कुछ विषय जांच के हैं। संसद में कोहराम 'देशविरोध' का ही काम है।

जॉर्ज सोरोस के परोक्ष हस्तक्षेप और भारत-विरोधी सोच और ऐसे ही संगठनों को आर्थिक मदद आदि देने का मुद्दा कुछ अधिक संवेदनशील और कूटनीतिक है। संभल, उप्र की सांप्रदायिक हिंसा पर सपा संसदीय बहस की पक्षधर है, तो कांग्रेस 'अडाणी, अडाणी' के अलावा किसी और मुद्दे पर संसदीय दखल के मूड में नहीं है। कांग्रेस को लगता है कि इसी मुद्दे पर जनादेश मिल सकता है, हालांकि पार्टी बार-बार नाकाम रही है। अडाणी समूह भारत के सर्वोच्च औद्योगिक समूहों में एक है। उस पर लगातार प्रहार करना और उसे अपमानित करने का एजेंडा चलाना देशहित में नहीं है। लोकतंत्र के मायने वाचालता नहीं हैं। कांग्रेस की राज्य सरकारों ने हजारों करोड़ रुपए के ठेके अडाणी समूह को दिए हैं और आज भी ऐसे ठेके कर्नाटक, तेलंगाना की कांग्रेस सरकारों में जारी हैं। अडाणी समूह की काट के लिए एक पुराना मुद्दा, संसद में भी, गूंज रहा है। जॉर्ज सोरोस और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इसमें एक ही सिक्के के दो पहलू लगते हैं।

### अवरुद्ध भागने के रास्ते और अपर्याप्त अग्नि निकास, जिसने बड़ी संख्या में मौतों में योगदान दिया

# सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा की लापरवाही

**डॉ.सत्यवान सौरभ**

**उत्तर** प्रदेश के झांसी में एक अस्पताल में लगी दुखद आग, जिसमें 11 नवजात शिशुओं की जान चली गई, भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपायों की विफलता को उजागर करती है। राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) और अग्नि सुरक्षा और रोकथाम नियमों के बावजूद, कई अस्पताल इन विनियमों का पालन नहीं करते हैं। यह बेहतर अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन और भविष्य में जानमाल के नुक़सान को रोकने के लिए बुनियादी ढांचे में महत्त्वपूर्ण उन्नयन की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर देता है। सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने में चुनौतियाँ अग्नि सुरक्षा कार्यान्वयन में त्रुटिपूर्ण हैं। भ्रष्टाचार और अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में उचित निगरानी की कमी के कारण कई अस्पताल निर्धारित अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, कई अस्पताल विनियामक जाँच को दरकिनार कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप असुरक्षित संरचनाएँ बन जाती हैं जो अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करती हैं। अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और योजनाः अनुचित योजना और घटिया निर्माण के कारण अक्सर सार्वजनिक संस्थानों, विशेषकर अस्पतालों में आग का ख़तरा पैदा होता है। कोलकाता एएमआरआई अस्पताल में आग लगने की घटना (2011) ने संरचनात्मक योजना में गंभीर खामियों को उजागर किया, जैसे कि अवरुद्ध भागने के रास्ते और अपर्याप्त अग्नि निकास, जिसने बड़ी संख्या में मौतों में योगदान दिया। जागरूकता और प्रशिक्षण की कमी जैसे चिकित्सा कर्मचारी और अग्नि सुरक्षा कर्मियों को अक्सर आग की रोकथाम, आपातकालीन निकासी या अग्निशमन तकनीकों में पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं किया जाता है। मुंबई (2020) में एक कोविड -19 सुविधा में आग लगने से तैयारियों की कमी का पता चला, अस्पताल के कर्मचारी अपर्याप्त प्रशिक्षण और जागरूकता के कारण आग की आपात स्थिति को संभालने में असमर्थ थे। कई अस्पताल, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने या पर्याप्त अग्निशमन उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी रखते राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या (एडीएसआई) रिपोर्ट में 2022 में 7, 500 से अधिक आग दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं, जिसके परिणामस्वरूप 7, 435 मौतें हुईं, जो खराब प्रवर्तन के गंभीर परिणामों को दर्शाता है। कई अस्पतालों में आग के खतरों से बचाव के लिए समर्पित निकासी मार्ग, अग्निरोधी सामग्री और अन्य आवश्यक बुनियादी ढाँचे का अभाव है। उपहार सिनेमा अग्नि (1997), जिसमें 59 लोग मारे गए थे, अपर्याप्त निकास बिंदुओं के कारण और भी गंभीर हो गई थी, जो एनबीसी और एनडीएमए दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित मज़बूत निकासी योजना की आवश्यकता को उजागर करती है। भारत में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अग्नि सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन में भिन्नताएँ क्षेत्रीय असमानताएँ पैदा करती हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के उपाय निगरानी और विनियमन को मज़बूत करना है। अग्नि सुरक्षा मानदंडों की मज़बूत निगरानी सुनिश्चित करना और सभी अस्पतालों के लिए अग्नि सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य बनाना अनुपालन में सुधार कर सकता है। सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के लिए एनडीएमए के दिशानिर्देशों को नियमित निरीक्षण और गैर-अनुपालन के लिए दंड के साथ और अधिक सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। अस्पतालों को आधुनिक अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए, जिसमें फायर अलार्म, स्प्रिंकलर और अग्नि शमन प्रणाली शामिल हैं। दिल्ली के एम्स में अग्नि सुरक्षा उपाय, जिसमें उन्नत अग्नि पहचान और दमन प्रणाली शामिल हैं, अन्य अस्पतालों के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकते हैं। आपातकालीन प्रक्रियाओं पर अस्पताल के कर्मचारियों के लिए नियमित अग्नि सुरक्षा अभ्यास और व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक हैं। एनडीआरएफ द्वारा शुरू किए गए अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को किसी संकट के दौरान कर्मचारियों की तत्परता सुनिश्चित करने के लिए सभी अस्पतालों में दोहराया जा सकता है। सरकारों और अस्पताल अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और नियमित रखरखाव के लिए अधिक धन आवंटित करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) नए अस्पताल परियोजनाओं के लिए अपने वित्त पोषण प्रस्तावों के अनिवार्य हिस्से के रूप में अग्नि सुरक्षा को शामिल कर सकता है, विशेष रूप से कम सेवा वाले क्षेत्रों में। अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने से बेहतर सतर्कता और सुरक्षा मानकों के पालन को बढ़ावा मिल सकता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान अग्नि रोकथाम और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में ज्ञान फैलाने में मदद कर सकते हैं। अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने वाले अस्पतालों को सब्सिडी या अनुदान जैसे प्रोत्साहन प्रदान करने से बेहतर कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। झांसी में अस्पताल में लगी दुखद आग सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन में चल रही खामियों की एक स्पष्ट याद दिलाती है। जापान जैसे देशों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना, जहाँ आग से होने वाली मौतों की दर सबसे कम है, एक मार्गदर्शक प्रकाश हो सकता है। सरकार को सुरक्षित सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए बुनियादी ढाँचे को उन्नत करने, विनियमन को बढ़ाने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) और अग्नि सुरक्षा और रोकथाम नियमों के बावजूद, कई अस्पताल इन विनियमों का पालन नहीं करते हैं। यह बेहतर अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन और भविष्य में जानमाल के नुक़सान को रोकने के लिए बुनियादी ढांचे में महत्त्वपूर्ण उन्नयन की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर देता है। सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने में चुनौतियाँ अग्नि सुरक्षा कार्यान्वयन में त्रुटिपूर्ण हैं। भ्रष्टाचार और अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में उचित निगरानी की कमी के कारण कई अस्पताल निर्धारित अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहते हैं।

दृष्टि कोण

# शहीद गाथाओं का महीना, अंधेरों में जश्न नहीं

**पिछले** अनेक वर्षों की तरह इस वर्ष भी दिसंबर का अर्थ अपने देश में, सरकारों में, समाज में और भारत से इंडिया बनते जा रहे समृद्ध वर्ग में केवल इतना ही है कि नववर्ष के स्वागत की तैयारियां करो। नववर्ष भी वह जो भारतीय संस्कृति के अनुसार सूर्य की पहली किरण के साथ नहीं, अपितु आधी रात के अंधेरों में मनाया जा रहा है। श्री जयशंकर प्रसाद के अनुसार अंधकार में दौड़ लग रही, मतवाला यह सब समाज है। अब दौड़ भी अंधकार में लगती है और एक बहुत बड़ा वर्ग शराब के नशे में मतवाला भी हो जाता है। मेरा प्रश्न देश से, सरकार से, समाज से यह है कि क्या दिसंबर का एक ही महत्व है कि पिछले वर्ष से नए वर्ष में जाने की तैयारी। यह वर्ष तो वैसे भी ब्रिटिश दासता का एक ऐसा नासूर है जिसे हम मिटाते नहीं, बल्कि पाल-पोस कर बढ़ा रहे हैं। सच्चाई यह है कि दिसंबर में हमारे पास मनाने को बहुत कुछ है। याद करने को भी बहुत कुछ है। वास्तविकता तो यह है कि दिसंबर मास में भारत के इतने बेटे-बेटियां शहीद हुए, अगर उनको ही याद करते रहें तो हर दिन अनेक शहीदों का बलिदान दिन या विशेष उल्लेखनीय कर्म का दिन है, पर याद कौन करेगा? दिसंबर के इसी सप्ताह में हम श्री गोबिंद सिंह जी के बलिदानी बच्चों को याद कर रहे हैं, प्रणाम कर रहे हैं। पूरी दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण नहीं जहां सात और नौ वर्ष के बच्चे अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए दीवारों में चिनवा दिए गए हों। जिन्होंने ललकार कर कह दिया हो कि वे कभी मुसलमान नहीं बनेंगे और सतश्री अकाल कहते हुए बलि पथ पर बढ़ गए। इन दिनों याद हम शहीद बलिदानी मोतीलाल मेहरा को भी करेंगे जो गुरु जी के बलिदानी परिवार को दूध पिलाने के कारण मुसलमानों की दृष्टि में अपराधी हुआ और सपरिवार कोल्हू में पीस दिया गया। ऐसे महापुरुषों को, बलिदानियों को याद करके ही हम स्वतंत्र रह सकते हैं। देश, धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा कर सकते हैं। इसे हम दुर्भाग्य कहें या विडंबना कि आजादी के बाद उनको पूरी तरह भुला दिया जिन्होंने स्वतंत्रता हित में असंख्य यातनाएं सहते हुए आजादी दी। क्या देश यह याद न करता कि अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए मेघालय के एक गांव में पैदा हुआ नौजवान थोग्गन नेग मइया संगमा बड़ी वीरता से, नेतृत्व कुशलता से अपने आसपास के ग्रामीण युवकों को एकत्रित कर अंग्रेजों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गया। वर्षों तक उसने अंग्रेजों को चने चबवाए। उसे काबू करने के लिए अंग्रेज सेना ने एक साथ तीन ओर से हमला किया। वर्तमान बंग्लादेश में स्थित जिला मैमन सिंह, दूसरा ग्वाल पाड़ा और तीसरा दावा बर्मा की ओर से बोला गया, पर यह वीर अजेय रहा। आखिर अंग्रेजों की चाल में फंसा। जब वार्ता के लिए अंग्रेजों ने इसे अपनी छावनी में बुलाया तो 12 दिसंबर 1872 को इसे गोलियों से भून दिया। संगमा की खासियत यह रही कि इसकी शहादत के बाद भी गारो पहाडि़यों में पैदा हुए उसके वीर अंग्रेजों को नाकों चने चबवाते रहे, पर याद किसको है। निश्चित ही मेघालय में इसके नाम के दीपक घर-घर जलते होंगे, अन्यथा दिसंबर तो बस होटलों में पार्टियों की तैयारियों का ही महीना बन जाता है। 24 दिसंबर 1930 को भारत के अबाल वृद्ध, नर-नारी के सिर ऊंचा करके दुनिया से पूछने का दिन है कि क्या किसी और देश ने ऐसी वीर बेटियां पैदा कीं। बंगाल की शांति घोष और सुनीति चौधरी अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल थी। जन्म तो इनका 1916 व 1917 में ही हुआ है, पर 1930 तक इन्होंने इतिहास में अपने लिए स्वर्णिम अक्षर सुरक्षित कर लिए। त्रिपुरा जिले का मजिस्ट्रेट स्टीवंसन जो भारतीयों पर अत्याचार करने के लिए प्रसिद्ध था और सुरक्षा के चार घेरों के अंदर रहता था, वहां तक ये दोनों वीर बेटियां पहुंच गईं। स्टीवंसन को विश्वास दिला दिया कि वे वास्तव में ही नौका प्रतियोगिता के लिए आज्ञा लेने आई हैं और तभी दोनों ने पांच-पांच गोलियां मारकर उसका काम तमाम कर दिया। पूरे देश में ही नहीं, दुनिया में इन गोलियों की गूंज पहुंची। भारत की जनता ने इनमें दुर्गा, भवानी का अवतार महसूस किया। इसके बाद इन्हें कालापानी की जेल में भेजा गया। स्वतंत्र भारत की यह विडंबना है कि किसी इतिहासकार ने, सरकार ने, चिंतक ने यह जानने का प्रयास ही नहीं किया कि ये दो भारत पुत्रियां कालापानी की जेल से मुक्त होने के बाद जिंदा वापस आईं या वहीं शहीद हो गईं। अगर जिंदा आईं तो कहां गईं? पर भारत के लिए दिसंबर माह तो त्योहार होना चाहिए। क्या यह उन शहीदों से कम है जो फांसी के फंदे पर झूल गए और न ही ये रानी झांसी और उसकी मुंहबोली बहन मैना से कम है। काश! कथा कहानियों में इन्हें कोई स्थान मिल पाता तो ये हर बालक-बालिका का कंठहार हो जातीं। 23 दिसंबर 1912 भी तो देश के लिए गौरव का दिन है जब बंगाल से अंग्रेजों ने दिल्ली दरबार बनाने के लिए दिल्ली में प्रवेश किया तो दिल्ली के दिल चांदनी चौक में एक जबरदस्त बम धमाका हुआ।

कुछ अलग

# स्वागत करो नए उल्लू का

**मुझे** अपनी जात को यह हृदय विदारक सूचना देते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि लाख उलूक उन्नयन संस्कार न करवाने की जिद्द के बावजूद स्वहित में मैंने भी उलूक उन्नयन संस्कार करवा उल्लुओं की संगत ज्वाइन कर ली है। या कि आप संस्कारी भाषा में कहें तो मैंने भी अपना उल्लू उन्नयन संस्कार करवा लिया है। उलूक उन्नयन संस्कार करवाने के बाद ही आदमी उच्चकोटि का आदमी हो पाता है। इसलिए इस संस्कार के बाद अब मैं भी उच्चकोटि का संस्कारित आदमी हो गया हूं। हे संस्कारों के पुजारियो! पहले आदमी के लिए शास्त्रों मे सोलह संस्कारों का प्रावधान था। पर आजकल ये सत्रहवां संस्कार बहुत जरूरी हो रहा है। इसके चलते आदमी के सोलह संस्कार हों या न, पर उसका ये सत्रहवां संस्कार होना बहुत जरूरी माना जा रहा है। जिसका उलूक उन्नयन संस्कार नहीं होता या जो अपना उलूक संस्कार नहीं करवाता, उसे कहीं भी आदमी नहीं समझा जाता। इसलिए आज आदमी की भलाई इसी में है कि वह अपना कोई और संस्कार करवाए या न, पर उलूक उन्नयन संस्कार सही समय पर जरूर करवाए। आदमी होने की सच्ची गरिमा इसी में है। बंधुओ! जब तक आदमी का उलूक उन्नयन संस्कार नहीं होता तब तक आदमी होने के बाद भी वह छिपा हुआ आधा अधूरा उल्लू ही रहता है। इस संस्कार के बाद आदमी का उल्लूपना आदरणीय हो जाता है, परमादरणीय हो जाता है। उसका उल्लूपना उसके सिर चढ़ कर तो बोलता ही है, बिन सिर वालों के भी सिर चढ़ कर बोलता है। इतिहास गवाह है कि उल्लू हुए बिना आदमी की गति तक संभव नहीं, सद्गति तो छोड़िए। मेरे आसपास के संभ्रांत मुझ पर बड़े दिनों से दबाव बनाए थे कि अब समय आ गया है कि मुझे अपना उलूक उन्नयन संस्कार करवा लेना चाहिए। असल में जबसे सनातन! सनातन! कर रट लगाने वाले सनातन की छाती पर मूंग दलते दिखने लगे थे, खुशबुओं के शौकीन जब कुदरती खुशबुओं के बदले नकली खुशबुओं के दीवाने मिलने लगे थे तो मुझे भी मेरा आदमी होना सहन नहीं हो रहा था। इसलिए मैंने उल्लू बनने को प्रयास अधिक तो उन्होंने मुझे उल्लू बनाने के मिलजुल कर प्रयास किए। सब सही चलने के बाद भी पता नहीं अचानक बीच बीच में मुझे क्या हो जाता, कि मैं आदमी ही रहने को तड़प उठता। और फिर मैं उन्हें भगवान की श्रेष्ठ कृति होने के नाते उन्हें दोनों हाथ जोड़ समझाने की कोशिश करता कि जनाब! जरा सोचिए! आप भगवान की तिरयासी लाख निन्यानवे हजार नौ सौ निन्यानवे योनियों के बाद के हैं। पर वह समझ नहीं रहे थे। समझते तो तब जो आदमी होते। आदमी जब उल्लू हो जाता है तो वहन के बराबर ही समझता है। असली उल्लू वही जो अपने मन की करके रहे, करवा कर रहे। इसलिए वे नहीं माने तो नही माने। ...और मैंने उल्लुओं के आगे सहर्ष लंगर डाल दिए। या कि उल्लुओं के आगे घुटने टेक आत्मसमर्पण कर दिया। जब करना ही है तो समर्पण क्यों, आत्मसमर्पण किया जाए पूरी शान शौकत के साथ। ज्यों ही मैंने उनके आगे घुटने टेक आत्मसमर्पण किया तो वे गजब के हिनहिनाए। आत्मसमर्पण करने के बाद अपने पर उनको हिनहिनाता देख उन पर बहुत दया आई। रे भगवान! तू कई बार उल्लुओं को आदमियों की शेप क्यों दे देता है? मैंने भगवान से यों ही पूछ लिया अपना मन रखने को। जबकि मुझे पता है कि सही प्रश्नों के उत्तर तक जब आदमी ही नहीं देते तो बेहूदे प्रश्न का उत्तर वे क्यों देते भला? दूसरे, मेरे आसपास तो चौथाई आदमी तक नहीं था। जब अपने आसपास गलत को ताल ठोंक ठोंक कर सही कहने वालों का बहुमत हो तो ऐसे में हर टाइप के आदमी को जनहित में उल्लू हो जाना चाहिए।

देश दुनीया से

# देश-विदेश में प्रासंगिक श्रीमद्भगवद गीता

**श्रीकृष्ण** तथा सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन का कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर संवाद श्रीमद्भगवदगीता वैश्विक स्तर पर प्रेरणा बन चुका है। करोड़ों लोग भगवदगीता के प्रति सम्मान भाव रखते हैं। सबसे ताकतवर मुल्कों में शुमार अमेरिका की 'नेशनल इंटेलीजैंस एजेंसी' की प्रमुख 'तुलसी गबार्ड' ने सन-2016 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सांसद पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ली थी। अमेरिका की नेशनल गार्ड यूनिट में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर तुलसी गबार्ड इराक व कुवैत जैसे देशों में सैन्य मिशन का हिस्सा रह चुकी हैं। ब्रिटेन की संसद 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में कश्मीरी पंडितों के पलायन तथा वर्तमान में बांग्लादेशी हिंदुओं की आवाज बुलंद करने वाले ब्रिटिश सांसद 'बॉब ब्लैकमैन' 'पद्मश्री' ने सन-2020 में सांसद पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ली थी। बॉब ब्लैकमैन ने ही कश्मीर पलायन को नरसंहार की श्रेणी में रखने की मांग की थी। 'ऋषि सुनक' ने हाउस ऑफ कॉमन्स में ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ली थी। ऋषि सुनक के अनुसार तनावपूर्ण हालात में गीता कत्र्तव्य पथ पर अडिग रहने का ज्ञान प्रदान करती है। आस्ट्रेलिया के भारतवंशी सांसद 'डेनियल मुखे' ने सन-2015 में तथा वल्र्ड बैंक के पूर्व सलाहकार बैरिस्टर 'वरुण घोष' ने इसी वर्ष आस्ट्रेलिया की संसद में सीनेटर पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ग्रहण की थी। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य की गर्वनर 'अरुणा मिलर' तथा ब्रिटेन की सांसद 'शिवानी राजा' व 'कनिष्क नारायण' जैसे भगवद्गीता को साक्षी मानकर शपथ लेने वाले भारतीय मूल के विश्व में कई नेता हैं। अमेरिका की 'सुनीता विलियम्स' व हालीवुड अदाकार 'बिल स्मिथ' जैसे विदेशी लोग गीता को प्रेरणा मानते हैं। मशहूर वैज्ञानिक 'होमी जहांगीर भाभा' भी गीता को प्रेरणास्रोत ग्रंथ मानते थे। ओपेनहाइमर ने विज्ञान के कई रहस्यों को समझने में भगवदगीता से प्रेरणा ली थी। परमाणु परीक्षण के बाद ओपेनहाइमर को श्रीकृष्ण का विराट रूप याद आया था। भगवदगीता का अनुवाद कई भाषाओं में हो चुका है। मगर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में धर्म निरपेक्षता की चिल्मन तथा वोट बैंक की सियासत के चलते ज्ञान का सागर भगवदगीता तथा वैदिक साहित्य उपेक्षित हो चुके हैं। देश में कई संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, सुरक्षा एजेंसियों, सर्वोच्च न्यायलय, भारतीय संसद व सेना के आदर्श वाक्य भगवदगीता, रामायण, महाभारत व उपनिषदों से लिए गए हैं। रामायण व महाभारत जैसे महाकाव्यों पर फिल्में व सीरियल बनाकर बालीवुड के अदाकार करोड़ों रुपए कमा लेते हैं। धार्मिक मुद्दों को आधार बनाकर सियासी रहनुमां लोकतंत्र के शीर्ष पर विराजमान हो जाते हैं। चंद्रवंशी व सूर्यवंशी क्षत्रियों की शौर्यगाथाओं का गुणगान करके तथाकथित धर्माचार्य करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। धर्म के नाम पर टीवी चैनलों की भरमार है। लेकिन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर श्रीकृष्ण का प्रेरणादायक उपदेश भगवदगीता व अन्य धर्मग्रंथों का ज्ञान शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं बना। खेलों में विशेष योगदान के लिए 'द्रोणाचार्य अवार्ड' प्रदान किए जाते हैं, परंतु गुरु द्रोणाचार्य की 'चक्रव्यूह' जैसी युद्ध संरचनाओं पर कभी शोध नहीं हुआ। भारतीय सेना के कई टैंकों, मिसाइलों व हथियारों के नाम रामायण व महाभारत काल के महान योद्धाओं तथा उनके अचूक मारक क्षमता वाले अस्त्र-शस्त्रों के नाम से जाने जाते हैं, मगर पाशुपातास्त्र, ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र, आग्नेयास्त्र व गरुड़ास्त्र जैसे पूरी कायनात का संतुलन बिगाडऩे वाले विध्वंसक दिव्यास्त्रों की मारक क्षमता पर गहन अध्ययन नहीं हुआ। अर्जुन, अश्वथामा, बर्बरीक, कर्ण व अभिमन्यु जैसे महापराक्रमी योद्धाओं के शौर्य पराक्रम पर विवेचना नहीं हुई। गंगापुत्र भीष्म, भगदत्त व बाहलीक जैसे महाभारत युद्ध के वयोवृद्ध योद्धाओं की शक्ति व अदम्य साहस पर विश्लेषण नहीं हुआ। देश में महिला सशक्तिकरण की वकालत जोर-शोर से होती है, लेकिन प्राचीन गांधार जनपद की राजकुमारी तथा कौरवों की माता 'गांधारी' जैसी सशक्त महिला के मजबूत जज्बातों को समझने की कोशिश नहीं की जाती। महाभारत युद्ध में अपने निन्यानवें पुत्रों की वीरगति के बाद गांधारी ने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन को पांडवों के समक्ष संधि-समझौता, युद्ध विराम या आत्मसर्मपण करने की सलाह नहीं दी, बल्कि परम शिव भक्त गांधारी ने अपने तपोबल व निगाहों के तेज से दुर्योधन को वज्र बनाकर युद्धभूमि में जाने के लिए प्रेरित करके क्षत्रिय धर्म का पालन किया था। यदि वर्तमान में युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति व संस्कारों से विमुख होकर बॉलीवुड के अदाकारों को अपना आदर्श मान रही है, छात्र वर्ग महत्वाकांक्षाओं के बोझ में भ्रमित होकर अपने जीवन का लक्ष्य भूलकर आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा रहे हैं, तो स्वीकार करना होगा कि भारतीय समाज शाश्वत ज्ञान से भरपूर भगवदगीता जैसे वन्दनीय ग्रंथ के ज्ञान से महरूम रहकर भौतिकतावादी जीवनशैली व पश्चिमी तहजीब का गुलाम बन चुका है। श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को माध्यम बनाकर दिया गया गीता का ज्ञान समस्त विश्व के लिए सार्थक व उपयोगी सिद्ध हुआ है। कर्म-धर्म व कत्र्तव्य मार्ग पर चलने का उपदेश देने वाली गीता में जीवन जीने की कला का ज्ञान भी मौजूद है। गीता का उपदेश है कि जीवन में संघर्षरत होकर चुनौतियों का सामना करने से ही सफलता प्राप्त होती है। यदि खुद पर भरोसा करके, मन पर नियंत्रण रखकर, लक्ष्य पर पूरी लगन से ध्यान हो तथा कर्म में निरंतर संघर्ष हो तो सफलता निश्चित है। यह ज्ञान छात्र वर्ग के लिए अत्यधिक प्रासंगिक है। अतः आधुनिक जीवनशैली की नैतिक उलझनों का निराकरण भगवदगीता में समाहित है। अनुशासन, निडरता व स्वाभिमान से जीवन जीने को प्रोत्साहन प्रदान करने वाला दार्शनिक ग्रंथ भगवदगीता इसीलिए विश्व में प्रेरणा व मार्गदर्शक बना है। भारत के पड़ोस में अराजकता का दौर चरम पर है। लिहाजा देश के हुक्मरानों को राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए अर्जुन की तरह भगवदगीता के उपदेश का अनुपालन करना होगा।



आप का नजरीया

# इस भाजपा से मुकाबला है

**देश** हो या प्रदेश, कांग्रेस का जिस भाजपा से मुकाबला है, उसे संगठन से भी कहीं आगे नागरिक समाज के संपर्क तक छूना पड़ेगा। भाजपा ने हिमाचल की खाक छान ली है। पहले ही 17 संगठनात्मक जिलों में 74 मंडल थे जिनकी संख्या अब 171 की जा रही है, यानी 131 प्रतिशत की दर से अपनी संगठनात्मक शक्ति बढ़ा दी। दूसरी ओर कांग्रेस सत्ता की गलबहियों में न जाने कब अपनी संगठनात्मक पैरवी में कुछ सुधार कर पाएगी। भाजपा के पास जनसंपर्क के सारे औजार काम कर सकते हैं, तो इस चेतना से कांग्रेस को सीखना चाहिए, वरना हरियाणा व महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम की चुनौतियों के महाजाल में पार्टी को बाद में बहाने ही खोजने पड़ेंगे। भाजपा के संगठन को बाकायदा नायक की तरह आगे बढ़ाते हुए इसके पदाधिकारियों का प्रदर्शन हर तरह के मीडिया में दिखाई देता है, जबकि कांग्रेस अपने घरानों में सीढियों और पीढियों के साथ दिखाई देती है। बेशक हिमाचल में विपक्ष की सियासी खुराफात के बाद कांग्रेस सरकार सशक्त हो गई, लेकिन मुकाबले में पार्टियों का विश्लेषण भाजपा की तैयारियों के कदमताल में दिखाई देता है। हिमाचल में सत्ता के दो सालों का विवरण बिलासपुर के लाल कालीन पर होने जा रहा है और इसके लिए सरकार आत्मविश्वास, आत्मबल के साथ आत्मनिरीक्षण से भी गुजर जाए, तो अगले तीन साल का सफर नई डगर पर होगा। दो साल सरकार के चरित्र, उपलब्धियों और आर्थिक संतुलन के कत्र्तव्यपथ पर गुजरे हैं, जबकि आने वाले तीन साल का हिसाब चुनाव के रंग में रंगा जाएगा। कम से कम 74 से 171 मंडल तक खुद को फैलाकर भाजपा चुनावी गणित के कई प्रश्न जनता की मानसिक स्लेट पर उकेर रही है। आश्चर्य यह कि भाजपा के केंद्रीय नेताओं और मंत्रियों का प्रदेश में आवागमन एक निश्चित परिधि बनाता है, लेकिन कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के लिए पहाड़ के सफर को शायद ऑक्सीजन नहीं मिल रही। सवाल यह है कि पुरानी जीत के जश्न में और वक्त गुजार दिया जाए या आने वाले चुनाव के इम्तिहान के लिए वर्जिश की जाए। पार्टी अध्यक्ष के चेहरे पर लगे विराम को कब हटाया जाएगा या संगठनात्मक शून्यता में सरकार के पदचिन्हों पर ही कांग्रेस वर्तमान भाजपा से मुकाबिल होने की रस्में निभाती रहेगी। अंततः भाजपा ने तो अपनी बिसात 171 मंडलों में बिछा दी है, तो कांग्रेस कब अपने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए इस चुनौती का सामना करना शुरू करेगी। कम से कम सरकार जो कर चुकी है, कर रही है या करने का वादा कर रही है, उसके प्रचार में संगठन की सक्रियता बढ़ जानी चाहिए। कांग्रेस के पास दो साल का जश्न और तपोवन में शीतकालीन सत्र की एक रूपरेखा है, जिसके आलोक में पार्टी अगले तीन साल की प्रतिज्ञा नत्थी कर सकती है। मंच से चुनाव की मचान का सफर आसान नहीं है और यही परीक्षा कांग्रेस के लिए अब शुरू हो रही है। बिलासपुर में सत्ता का समारोह जाहिर तौर पर एक ताकतवर सरकार का अंदाज और अधिकार हो सकता है, लेकिन अब हिमाचल की गलियां चुनावी सुर और ताल के मजमून सूंघ रही हैं। पार्टी का जनसंपर्क, सत्ता के संपर्क से विशाल करना ही होगा और इसके लिए जरूरी है संगठन को इसकी नई फेहरिस्त व जिम्मेदारी में सजाने की तरफ बढ़ा जाए।

# कुछ ताकतें देश को खंडित करने और संस्थाओं को अपमानित करने की रच रहीं साजिश : उप राष्ट्रपति धनखड़

**जयपुर ( हिंस )।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कुछ ऐसी ताकतें हैं जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही हैं। देश को खंडित करने और देश की संस्थाओं को अपमानित करने का सुनियोजित षड्यंत्र हो रहा है। आम नागरिक की इसमें बड़ी भूमिका है। हमें ऐसी चीजों को न्यूट्रलाइज करना चाहिए। उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही अधिकारों और कर्तव्यों का भी बोध रखें। उप राष्ट्रपति जयपुर में लघु उद्योग भारती के सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कौशल विकास केंद्र में पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। ग्रामीण विकास, लघु उद्योग, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से एक मजबूत आर्थिक और सामाजिक ढांचा तैयार किया जा रहा है। साथ ही कहा कि विकसित भारत 2047 अब केवल सपना नहीं, बल्कि एक सुनिश्चित लक्ष्य है। इसका मार्ग ग्रामीण परिप्रेक्ष्य, कुटीर और लघु उद्योग से होकर जाता है। चाहे जल हो, थल हो, आकाश हो या अंतरिक्ष, भारत हर क्षेत्र में बड़ी छलांग लगा रहा है। धनखड़ ने कहा कि आज आर्थिक राष्ट्रवाद की आवश्यकता है। देश में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि आयातित वस्तुओं की निर्भरता कम करनी होगी। जब हम उन वस्तुओं का आयात करते हैं, जिन्हें देश में ही बनाया जा सकता है, तो इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है और रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं। लोकल फॉर वोकल हमारी आवश्यकता है। कच्चे माल के निर्यात पर भी रोक लगानी चाहि। क्योंकि, यह देश के हितों के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के माध्यम से आठ करोड़ लोगों को आज रोजगार मिल रहा है। बड़े-बड़े उद्योग कम लोगों रोजगार देते हैं जबकि छोटे उद्योग ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें कौशल विकास को भी महत्व दिया गया है। डिग्री से अधिक कौशल महत्वपूर्ण है। किसी भी काम में कौशल हासिल करना विकास में योगदान देता है। जलवायु परिवर्तन को एक




बड़ी चुनौती बताते हुए उन्होंने कहा कि यह एक भयानक समस्या बन गई है। संविधान हमें पर्यावरण संरक्षण और समरसता बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। हमें आने वाली पीढ़ी के लिए नैतिकता और चरित्र निर्माण पर ध्यान देना होगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि हमारे देश में अमेरिका और जर्मनी का मॉडल नहीं चलेगा। क्योंकि, वह देश कृषि पर आधारित नहीं है। हमारे देश में 60 से 65 प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित है। हमारे युवा 12 से 15 हजार की नौकरियों के लिए देशभर में जा रहे है। विकास का यह मॉडल हमारे देश के लिए सही नहीं है। उनके गांव के पास उन्हें रोजगार मिलना चाहिए ताकि वह परिवार के पास अच्छे से जीवन यापन कर सके। गोपाल ने कहा कि ईसा पूर्व से ही कपड़ों से लेकर हीरे-जवाहरात भारत से पूरी दुनिया में जाता है। हमारा देश सिर्फ कृषि प्रधान नहीं बल्कि, छोटे-छोटे उद्योगों वाला देश था। अग्रेजों के आने के बाद भारत सिर्फ कृषि तक सीमित रह गया। भारत गरीब देश नहीं था। अग्रेजों में भारत को गलत दिशा में मोड़ दिया था। अब हम फिर से अलग दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लघु उद्योग भारती ने सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में सवा लाख स्क्वायर फीट में फैले बहुमंजिला कौशल विकास केंद्र का निर्माण किया है। यह केंद्र युवाओं को अकाउंट्स, फैशन डिजाइनिंग, हैंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रिशियन, डिजिटल स्किल्स और स्टार्टअप विकसित करने की प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा। लोकार्पण समारोह से पहले मंगलवार को पूजा-अर्चना कर हवन किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़, जोधपुर प्रांत संयुक्त और महासचिव सुरेश विश्नोई समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## राजस्थान के दौसा में बोरवेल में गिरे बच्चे का बचाव कार्य 44 घंटे बाद भी जारी



**दौसा ( हिंस )।** राजस्थान के दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में बोरवेल में गिरे पांच वर्षीय आर्यन को बचाने का ऑपरेशन 44 घंटे बाद भी जारी है। एनडीआरएफ टीम बोरवेल से करीब 10 फीट की दूरी पर 155 फीट गहरे गड्ढे की खुदाई कर रही है। इस काम के लिए सवाईमाधोपुर से मंगाई गई पाइलिंग मशीन का इस्तेमाल हो रहा है। गड्ढे की खुदाई पूरी होने के बाद रैट-*होल माइनिंग* तकनीक से सुरंग बनाकर बच्चे तक पहुंचने की योजना है। आर्यन के पिता जगदीश मीणा ने कहा कि वे बाजार गए थे। आर्यन मां के पास था। खेलते-खेलते वह बोरवेल में गिर गया। प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। वे उनकी कोशिशों से संतुष्ट हैं। बस भगवान से प्रार्थना है कि उनका बच्चा सुरक्षित बाहर आ जाए। आर्यन की मां गुड्डी देवी ने कहा कि तीन दिन से उनका बच्चा बोरवेल में है। विधायक डीसी बैरवा भी मिलने नहीं आए। मुझे मेरा बच्चा चाहिए। आर्यन के सकुशल बाहर निकलने के लिए गांव के लोग भी प्रार्थना कर रहे हैं। हर तरफ बच्चे की सुरक्षा और जल्द रेस्क्यू की अपील हो रही है। प्रशासन और बचाव टीम के प्रयासों पर पूरे राज्य की नजर है। सोमवार दोपहर से शुरू हुए इस ऑपरेशन में अब तक 6 बार जुगाड़ तकनीकों से बच्चे को बचाने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली।

## पंजाब-हरियाणा के कई जिलों में एनआईए के छापेमारी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** खालिस्तानी आतंकियों व नशा तस्करों के साथ संबंधों की आशंका के चलते राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीमों ने बुधवार को हरियाणा व पंजाब में कई जगह छापेमारी की। एनआईए की यह जांच सुबह पांच बजे शुरू हुई और करीब 11 बजे समाप्त हुई। एनआईए की टीमों ने पंजाब के मुक्तसर साहिब, बठिंडा तथा हरियाणा के सिरसा जिले में छापेमारी की। जानकारी के अनुसार यह छापेमारी गैंगस्टर और आतंकियों के कनेक्शन को लेकर की गई है। मानसा में एनआईए की ओर से शहर में विशाल सिंह (पटियाला जेल में बंद) और मेहशी बॉक्सर (पूर्व खिलाड़ी) के लिंक आतंकी अर्श डल्ला और नशा तस्करों से होने का शक है। बठिंडा में एनआईए ने संदीप सिंह ढिल्लों निवासी गांव कोठा गुरु, बॉबी निवासी मोड मंडी और एक अन्य के घर पर छापेमारी की। मलोट रोड बाइपास पर अमनदीप नाम के व्यक्ति के घर पर ये रेड की गई थी। अमनदीप नाभा जेल में बंद है। एनआईए ने हरियाणा के सिरसा जिले के अंतर्गत डबवाली और गांव लोहगढ़ में दो जगहों पर छापेमारी की। गांव लोहगढ़ में बठिंडा जेल में बंद अमर प्रताप सिंह उर्फ राजू के घर एनआईए पहुंची थी। यहां राजू के पिता कुलदीप सिंह से टीम ने पूछताछ की है। राजू के खिलाफ केस दर्ज है और एक महीना पहले ही उस पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज हुआ था। अब वह जेल में है। एनआईए ने डबवाली स्थित धारीवाल कॉलोनी में राजू के साथी बलराज सिंह से भी पूछताछ की। बलराज को पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

## विधानसभा स्पीकर के काफिले में घुसकर रील बनाने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

**जयपुर ( हिंस )।** विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी के चलते काफिले में घुसकर रील बनाने के मामले में बगरू थाना पुलिस ने पांच बदमाशों को पकड़ा है। इनमें एक बदमाश नाबालिग है। सभी बदमाश कार में सवार थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि चारों बगरू थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि रील बनाने के लिए विधानसभा स्पीकर के काफिले को बार-बार ओवरटेक कर रहे थे। नाबालिग को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने बताया कि 10 दिसम्बर को विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी जयपुर से अजमेर जा रहे थे। इसी दौरान आई 20 कार में सवार पांच लोग स्पीकर की गाड़ी का अजमेर रोड महापुरा



से पीछा कर गाड़ी को आगे पीछे लेकर वीडियो बनाने लगे। इस पर गार्ड ने गाड़ी को रुकवाने की कोशिश की तो युवक कार को लहराते हुए काफिले को कट मारकर निकल गए। इस पर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसके बाद जयपुर शहर व जयपुर ग्रामीण के इलाके में कार की नाकेबंदी कराई गई। गाड़ी नंबर के आधार पर मंगलवार रात को ही चार युवकों को डिटेन कर लिया गया था। इस मामले में बगरू थाना पुलिस ने की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। इस मामले में सांभर वालों का मोहल्ला तकिया बस स्टैंड बगरू निवासी गणेश सैनी (18) पुत्र दिनेश सैनी, जाजोरा की ढाणी फतेहपुर बेगस निवासी राहुल कुमावत (23) पुत्र मांगीलाल कुमावत, जाजोरा की ढाणी फतेहपुर बेगस निवासी साहिल कुमावत (18) पुत्र दुर्गा शंकर कुमावत और सुल्तानों की ढाणी लोकेश यादव (19) पुत्र रमेश चंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। इसमें एक नाबालिग को भी डिटेन किया है, पांचों बगरू थाना के रहने वाले है।

## नि:स्वार्थ भाव से कर्म करें, सफलता आवश्य मिलेगी : शिवराज चौहान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कहा कि 5161 साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से पूरे विश्व को गीता का उपदेश दिया। इन उपदेशों में कर्म करने और फल की इच्छा ना रखने का संदेश वैज्ञानिक दृष्टि से भी सही है। बुधवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो मनुष्य फल की इच्छा रखकर कार्य करता है, वह हमेशा परेशान रहता है और जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से कर्म करता है, वह व्यक्ति हमेशा सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को धारण करके युवा पीढ़ी को अपने जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने का प्रयास करना चाहिए और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के कर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत हजारों साल से ऋषि-मुनियों की पावन धरा रही है और ऋषि-मुनियों ने हमेशा पूरी दुनिया की चिंता की है। इन संतों ने सबको अपना माना और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। गीता जयंती समारोह में निमंत्रण के लिए उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद भी किया।

## सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन को मिली धमकी, साइबर थाने में दी तहरीर

**संभल ( हिंस )।** जनपद की जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर का मामला सिविल जज सीनियर की कोर्ट में चल रहा है। हिंदू पक्ष से दावा पेश करने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन को सोशल मीडिया पर धमकी मिली है। सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर निधि झा के नाम से हैंडलर से अधिवक्ता को यह धमकी मिली है। उन्हें संभल हिंसा का मास्टर माइंड बताया गया है। अधिवक्ता ने इस मामले में संभल के साइबर थाना में पोस्ट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट के आदेश पर बीते नवम्बर माह में सर्वेक्षण टीम मस्जिद में सर्वे करने गयी थी। इस दौरान भीड़ ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए टीम पर पथराव,आगजनी कर दी थी। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की टीमे अब उपद्रवियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी कर रही हैं।

## देश के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के लिए नए अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध मोदी सरकार : मदन राठौड़

**जयपुर ( हिंस )।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए नए अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। मोदी सरकार द्वारा लगातार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से युवाओं को अवसर प्रदान कर रही है। इतना ही नहीं, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत देश-प्रदेश के 2398 सरकारी स्कूलों में 9433 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम विकसित कर युवाओं को शिक्षा का बेहतर माहौल उपलब्ध करवाने का प्रयास भी किया गया, वहीं दूसरी ओर 23 स्मार्ट शहरों में युवाओं के लिए कौशल विकास और इनक्यूबेशन सेंटर पर 241 करोड़ रूपये की लागत से 37 परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा राज्यसभा में लगाए गए सवाल के जवाब में आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने यह जानकारी दी। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि देश के युवाओं को शहर, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर शहरी सुधार प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कार्यनीति रूप से जोड़ने के लिए शहरी शिक्षण इंटर्नशिप कार्यक्रम (ट्यूलिप) शुरू किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत स्वीकृत 1.18 करोड़ आवास में से 11.77 लाख आवास 30 वर्ष से कम आयु के लाभार्थियों को स्वीकृत किए गए। केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से फरवरी 2016 से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई- एनयूएलएम) का क्रियान्वयन किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य भी शहरी गरीब परिवारों को गरीबी स्तर से उपर उठाना है। इस लिए बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि अटल मिशन ( अमृत-2.0 ) को डीएवाई- एनयूएलएम के साथ मिलाकर जल सरंक्षण के क्षेत्र में ''अमृत मित्र'' की पहल शुरू की गई। इसमें महिला स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया।

## शादी के सात दिन बाद लुटेरी दुल्हन गहना नगदी लेकर चंपत

**जोधपुर ( हिंस )।** निकटवर्ती झंवर स्थित दइपड़ा गांव में रहने वाले एक युवक की पत्नी शादी के सात दिन बाद ही घर से निकल गई। वह बगैर बताए निकली और जाते हुए घर से नगदी जेवर लेकर गई है। युवक की शादी पर तकरीबन छह लाख का खर्चा आया था। पीड़ित ने अब झंवर थाने में लुटेरी दुल्हन सहित शादी कराने वाले एजेंट और अन्य के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने अदालत से मिले इस्तगासे पर पड़ताल आरंभ की है। झंवर पुलिस के अनुसार दइकड़ा खिंचियान निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसके भाई की शादी नहीं होने पर उसके बहनोई ने ओसियां भाखरी के महेंद्र सिंह से संपर्क करवाया था। तब महेंद्रसिंह ने अजमेर किशनगढ़ की रंजना कंवर के बारे में बताया और शादी के खर्च लेन देन की बात की थी। इसमें निम्बोल का एक शख्स गणपतसिंह भी शामिल था। बाद में परिवादी के बहनोई और उसका भाई एजेंट महेंद्रसिंह से मिले थे। महेंद्र सिंह इन लोगों को रंजना कंवर से मिलवाने के लिए अजमेर लेकर गए थे। बाद में लेन देन पक्का होने पर 4 नवंबर 24 को शादी होना तय हुआ। शादी में तकरीबन छह लाख का खर्चा आया था।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर फतेहाबाद में निकाली गई शोभा यात्रा,जगह-जगह हुआ स्वागत

**फतेहाबाद ( हिंस )।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को शहर फतेहाबाद में नगर शोभा और कलश यात्रा का आयोजन किया गया। उपायुक्त मनदीप कौर ने पंचायत भवन से झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनदीप कौर ने यात्रा में शामिल महिलाओं से संवाद स्थापित कर अपने सिर पर स्वयं कलश उठाकर यात्रा की अगुवाई की। शोभायात्रा में भक्तों और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। शोभायात्रा में गीता के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया और विभिन्न सांस्कृतिक झांकियां भी प्रस्तुत की गई। कलश यात्रा ने भक्तिमय माहौल को और भी अधिक पवित्रता से भर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से गीता के आदर्शों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। शोभा यात्रा में सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के अलावा विभिन्न विभागों ने भी सक्रिय भागीदारी की। शोभा यात्रा का सबसे पहले जीटी रोड पर दुर्गा मंदिर के सामने



सद्गुरु कृपा अपना घर, लाल बत्ती चौक पर नगर परिषद कार्यालय के सामने बाबा श्याम वेलफेयर सोसायटी, बहुउद्देशीय पार्किंग स्थल के सामने जियो गीता, जवाहर चौक में गुरुद्वारा सिंह सभा, रविदास चौक डीएसपी रोड पर रघुनाथ मंदिर सभा तथा अरोड़वंश चौक पर अरोड़वंश सभा व सब्जी मंडी एसोसिएशन ने नगर शोभा एवं कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में शामिल नागरिकों को प्रसाद वितरण भी किया गया। गीता महोत्सव के तीसरे दिन के कार्यक्रम में गीता श्लोकोच्चारण कार्यक्रम किया गया। इसमें स्कूली बच्चों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों, शहर के गणमान्य व्यक्तियों तथा अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया और एक साथ 18 श्लोको का उच्चारण किया गया। यह श्लोकोचारण कार्यक्रम पूरे हरियाणा में एक ही साथ एक ही समय में सभी जगह पर संपन्न हुआ। इनमें जिला रेडक्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, एमएसएमई उद्योग, बिजली विभाग, नवीनीकरण विभाग, नगर परिषद, एनयूआरएलएम, एनआरएलएम, लाडली लाल सेवा मंडल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, स्वामी निर्दोश सेवा ट्रस्ट, लोक संपर्क विभाग, बागवानी विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, हैफेड, खेल विभाग, रोजगार विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण व कल्याण विभाग, आयुष विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा जियो गीता की प्रदर्शनी आर्कषण का केंद्र रही।

## राष्ट्र आत्मनिर्भर होगा तभी व्यक्ति का विकास संभव : मुख्यमंत्री

**बस्ती ( हिंस )।** कर्मा देवी शैक्षणिक संस्थान के 15वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा आज संयोग से किसानों की शहादत का दिन है। आज ही के दिन करीब दो दशक पूर्व समाजवादी पार्टी की सरकार में किसानों को गोलियों से भून दिया गया था। उसी सरकार ने शुगर मिलों को बंद कर दिया था। भाजपा सरकार आई तब शुगर मिलों को नये सिरे से चालू कराया गया। अब अधिकांश शुगर मिल चल रही है और अच्छा काम कर रही हैं। इससे पहले यहां मुख्यमंत्री का भाजपा नेताओं, छात्र-छात्राओं और विद्यालय के स्टाफ ने तालियों की गड़गडाहट से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। छात्रों की ओर से सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया गया। सीएम ने कहा कि जननी और जन्मभूमि के प्रति हम सभी के दायित्व है। व्यक्ति कितना ही बड़ा क्यों न हो जाए, जब तक वह अपनी मां और मातृभूमि के प्रति दायित्वों का निर्वहन नहीं करता, वह असफल ही माना जाएगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि नर्सिंग ऐसा क्षेत्र है जहां अगर अच्छी शिक्षा हासिल कर ली जाए तो शत-प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी होती है। चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र। उन्होंने कहा कि हम यूपी में सबसे बड़ा फार्मा पार्क बनाने जा रहे हैं। दो हजार एकड़ जमीन पर फार्मा और नर्सिंग के सभी क्षेत्रों के उद्योग शुरू होंगे। सीएम ने कहा कि बस्ती जिले का तेजी से विकास हो रहा है। कभी किसी ने सोचा भी नहीं था कि यहां पर कभी एक मेडिकल कॉलेज खुलेगा। लेकिन मेडिकल कॉलेज ही नहीं, यहां फार्मेसी कॉलेज भी बना। अब हम बस्ती में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने जा रहे हैं। जहां युवा प्रतिभाओं को निखरने का और मौका मिल सकेगा। सीएम ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का खामियाजा आज पूरा नोएडा भुगत रहा है। लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हैं। एक्यूआई 450 के पार चला गया है। सीएम के आगमन पर कर्मा देवी शैक्षिक संस्थान के निदेशक पूर्व आईएएस ओम सिंह आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर छात्र-राजद ने जलाया कुलपति का पुतला

**भागलपुर ( हिंस )।** विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को छात्र राजद कार्यकर्ताओं ने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने प्रदर्शन किया और कुलपति प्रो डॉ. जवाहर लाल का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में कुलपति के आदेश पर वन नेशन वन इलेक्शन पर परिचर्चा कराई जा रही है, जिसका विरोध युवा राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता कर रहे हैं।

## लालू यादव के बयान से आधी आबादी आहत : श्रवण कुमार

**पटना ( हिंस )।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने महिला संवाद यात्रा को लेकर लालू प्रसाद यादव के दिए गए बयान को अशोभनीय और निंदनीय करार दिया। मंत्री ने जदयू कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू प्रसाद यादव की ओछी टिप्पणी से प्रदेश सहित पूरे देशभर की आधी आबादी का अपमान हुआ है और महिलायें कभी उन्हें माफ नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसलिए विपक्षी गठबंधन में दबाव की राजनीति चल रही है। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि महागठबंधन में शह-मात का खेल चल रहा है। सत्ता की महत्वाकांक्षा में सभी घटक दल एक-दूसरे की पैर खींच रहे हैं और प्रदेश की जनता भी उनके इस खेल को बखूबी समझ रही है। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में सफाया होना तय है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के बयान पर भी कड़ी भर्त्सना की और कहा कि उन्हें महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षकों एवं विशेष परिस्थितियों के निमत्त ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए आवेदन की प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हुई और 15 दिसंबर तक चलेगी। सभी चरणों के सक्षमता परीक्षा पूरी होने के बाद समान्य शिक्षकों के लिए उदार और सरल ट्रांसफर-पोस्टिंग नीति लाई जाएगी। तिरुहत उपचुनाव के परिणाम को लेकर पार्टी गहनता से समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हित में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निरंतर काम कर रहे हैं।


*No. BDB/15th FC-125 /2020-21/1863* *Date :10/12/2024*

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing a non-refundable Court fee stamp of Rs.8.25(Rupees eight &twenty five) only with a validity period of 180 days, which will subsequently to be converted and drawn up In the printed of F-2 form are invited form are invited from the registered Contractors of Class-II and Class-I (A,B,&C) category of Assam PWD(Building)BTC,according to their eligibility for submitting tender for the following work under 15th FC(Untied Grant)for the year 2023-2024during 2024-25 as stated below. The tender will be received by the undersigned up to 12.00 Noon. On 24/12/2024 and will be opened on the same date &. place at 2.00 P.M.

| Sl. No | Name of Works | Tender Amount (Approx) | Cost of Tender Paper | Time of Completion of Work |
|---|---|---|---|---|
| 1. | "Const, of Community Hall at Pamuapathar" under 15th FC (Untied Grant) for the year 2023-2024 during 2024-25. | 9,52,668.00 | 350.00/- | 6(Six) Months from the date of issue of F.W.O. |

Detail N.I.T. may be seen in all working days during office hours in the office of the undersigned. Tender papers will be issued to the contractions or their authorized agents from 14/12/2024 to 21/12/2024 in the office of the undersigned on payment in the from of Demand draft/Banker's Cheque from any Nationalized Bank ,duly pledged in favour of the B.D.O. Baska Development Block Mushalpur, payable at S.B.I. Mushalpur.

Sd/- Block Dev. Officer
Baska Dev. Block

*IPR(BTC)/C/2024-25/1069*




# प्राइमरी मार्केट में पांच कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, 13 दिसंबर तक लगाई जा सकेगी बोली

नई दिल्ली

विशाल मेगा मार्ट और मोबिक्विक समेत समेत पांच कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग से प्राइमरी मार्केट में हलचल बनी हुई है। इनमें तीन कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि दो कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इन सभी आईपीओ में 13 दिसंबर तक पैसा लगाया जा सकेगा। इन कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग 18 दिसंबर को होगी।

विशाल मेगा मार्ट का 8,000 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है। ये आईपीओ 13 दिसंबर को क्लोज होगा। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 74 से 78 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 190 शेयर का है। विशाल मेगा मार्ट के शेयर भी 18 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे।

ही मोबिक्विक का 572 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। इश्यू में 13 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 265 से 279 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 53 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की 18 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग होगी। इसी तरह साई लाइफ साइंसेज का 3,042.62 करोड़ रुपये का आईपीओ ओपन हुआ है। इस आईपीओ में भी 13 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 522 से 549 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 27 शेयर का है। कंपनी के शेयर 18 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। ही सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट का 50 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। इस आईपीओ में भी 13 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 72 से 76 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 16 दिसंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। कंपनी के शेयर 18 दिसंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसके अलावा पर्पल यूनाइटेड सेल्स का 32.81 करोड़ रुपये का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। इस आईपीओ में 13 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नैचुरल हीट बढ़ने से खतरे में गारमेंट बिजनेस, 65 अरब डॉलर का हो सकता है नुकसान



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और वियतनाम वह देश हैं जहां बड़ी और ब्रांडेड गारमेंट कंपनियां उत्पाद तैयार कराती हैं। जहां इन कपड़ों का निर्माण होता है वहां बहुत गर्मी पड़ती है। अब एक और समस्या सामने आ गई है कि पर्यावरण में बदलाव के कारण नैचुरल हीट में भी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में इन कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों को गर्मी की दोगुनी मार झेलनी पड़ रही है। एक रिसर्च रिपोर्ट में पाया है कि अत्यधिक गर्मी या बाढ़ से बांग्लादेश, कंबोडिया, पाकिस्तान और वियतनाम के कपड़ा निर्यात उद्योग को 65 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। भारतीय करेंसी में यह 5.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा होगा। बता दें कि इस रिपोर्ट में रिटेलर्स और ब्रांड्स को यह सुझाव भी दिया गया है कि वे अपने कर्मचारियों के वेतन और हेल्थ पर खर्च को बढ़ाएं अत्यधिक हीट के कारण होने वाले कार्य दिवस के नुकसान की भरपाई हो सके। इसको देखते हुए अब यूरोपियन यूनियन ने नए नियम लागू किए हैं।

### पीएनबी धोखाधड़ी मामले में मेहुल की करोड़ों की संपत्ति होगी नीलाम, पीएमएलए कोर्ट के आदेश के बाद प्रक्रिया शुरू की गई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के 13 हजार करोड़ रुपए के ऋण धोखाधड़ी मामले में



फरार मेहुल चोकसी के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत 2,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ईडी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट के आदेश के बाद इस मामले में संपत्तियों को सही मालिकों को वापस करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। ईडी ने बताया कि 125 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां, जो गीतांजलि जेम्स लिमिटेड से संबंधित हैं, अब उसके परिसमापक को सौंप दी गई हैं। इनमें सांताक्रूज स्थित खेनी टॉवर के छह फ्लैट और एसईईपीजेड में स्थित दो कारखाने और गोदाम शामिल हैं। ईडी ने मेहुल चोकसी के खिलाफ पीएमएलए मामले में 2,565.90 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है और कोर्ट से इन संपत्तियों को बेचने की अनुमति प्राप्त की है। ईडी ने कहा कि उसने प्रभावित बैंकों के साथ मिलकर इन संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 10 सितंबर को कोर्ट ने आदेश दिया था कि ईडी बैंकों और गीतांजलि समूह की कंपनियों के परिसमापकों को कुर्क संपत्तियों का मूल्यांकन और नीलामी कराने में मदद करेगा। इसके बाद नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि पीएनबी और आईसीआईसीआई बैंक में सावधि जमा के रूप में जमा की जाएगी। मेहुल चोकसी जो 2018 से भारत से भागकर एंटीगुआ में रह रहा है, उस पर आरोप है कि उसने अपनी कंपनी गीतांजलि जेम्स और कुछ बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर पीएनबी के खिलाफ धोखाधड़ी की और बिना प्रक्रिया का पालन किए एलओयू जारी करवा लिया। इस मामले में मेहुल चोकसी, नीरव मोदी और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ ईडी और सीबीआई ने 2018 में जांच शुरू की थी।

### सीमेंट निर्माता कंपनियों ने बढाए 40 रुपये प्रति बोरी सीमेंट के दाम



**नई दिल्ली।** देश में घर बश्नाना अब और भी महंगा हो गया है। देश में सीमेंट के रेट 40 रुपये प्रति बोरी तक बढ़ गए हैं। जैसे ही सीमेंट की मांग बढ़ती है। उसके साथ सीमेंट निर्माता सीमेंट के दाम बढ़ा देते हैं। सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार पश्चिमी भारत में 50 किलो की सीमेंट की बोरी 350 से लेकर 400 रुपये के बीच में बिक रही है। दिल्ली एनसीआर में सीमेंट की कीमत 340 से 395 रुपए के बीच में है। दक्षिण भारत में सीमेंट की बोरी 350 रुपए से 340 रुपए के बीच में बिक रही है। सीमेंट निर्माता कंपनियों ने डीलरों का मार्जिन घटा दिया है। वही सीमेंट के रेट निर्माताओं ने बढ़ा दिए हैं। सीमेंट कारोबार से जुड़े हुए लोगों का कहना है। अगले 6 महीने तक सीमेंट के रेट में तेजी बनी रहेगी। सीमेंट कंपनियां करटेल बनाकर मांग बढ़ने के साथ ही सीमेंट के दामों में वृद्धि कर देती हैं।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार



नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़े आने के पहले अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,034.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,688.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत फिसल कर 44,219.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान कमजोरी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,280.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.15 प्रतिशत लुढक कर 7,394.78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.08 प्रतिशत फिसल कर 20,329.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 129.35 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39,238.23 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 149.32 अंक यानी 0.65 प्रतिशत फिसल कर 22,975.76 अंक के स्तर तक पहुंच गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,794.28 अंक के स्तर पर और हैंग सेंग इंडेक्स 0.94 अंक की सांकेतिक फिसलन के साथ 20,310.34 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,696 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.70 प्रतिशत उछल कर 2,434.88 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,448.45 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.72 प्रतिशत उछल कर 7,507.22 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,430.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# वारी एनर्जीज के शेयरों में जबरदस्त उछाल, मॉड्यूल सप्लाई का मिला बड़ा ऑर्डर




नई दिल्ली

सोलर मॉड्यूल बनाने वाली कंपनी वारी एनर्जीज के शेयरों में बुधवार को जबरदस्त तेजी आई। बीएसई पर इंट्रा-डे ट्रेड में कंपनी के शेयर 7 फीसदी तक चढ़े। कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी से एक गीगावाट तक के सोलर मॉड्यूल की सप्लाई के लिए नया ऑर्डर मिला है। यह शेयर में बढ़त का लगातार पांचवां सत्र है। कंपनी ने 28 अक्टूबर, 2024 को शेयर बाजार में डेब्यू किया था। लिस्टिंग के बाद से वारी एनर्जीज के शेयर बाजार में धूम मचा रहे हैं।

अपने इश्यू प्राइस से शेयर फिलहाल 97.70 फीसदी की बढ़त बनाए हुए हैं वारी एनर्जीज ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि कंपनी को 10 दिसंबर को एक गीगावाट तक के सोलर मॉड्यूल की सप्लाई के लिए भारत में रिन्यूएबल पावर प्रोजेक्ट्स के स्वामित्व, विकास और संचालन के बिजनेस में संलग्न एक प्रतिष्ठित ग्राहक से ऑर्डर प्राप्त हुआ है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक यह महत्वपूर्ण

**कंपनी ने 28 अक्टूबर 2024 को शेयर बाजार में किया था डेब्यू**

सप्लाई ऑर्डर वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू होकर 2025-26 तक जारी रहेगा। हालांकि, कंपनी ने इस ऑर्डर के मूल्य का खुलासा नहीं किया है। बीएसई पर मंगलवार को कंपनी के शेयर 7.2 फीसदी बढ़कर अपने इंट्रा-डे हाई 3184.95 रुपए पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में वारी एनर्जीज के शेयर 5.55 फीसदी की बढ़त के साथ 3136.50 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों ने 11.24 फीसदी का रिटर्न दिया है। वारी एनर्जीज के शेयर 28 अक्टूबर 2024 को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट हुए। शेयर का इश्यू प्राइस 1503 रुपए था और लिस्टिंग के पहले दिन शेयर 2,336.80 के भाव पर बंद हुआ। इस तरह से कंपनी ने निवेशकों को 55.48 फीसदी का शानदार लिस्टिंग गेन दिया।

# सीएनआई रिसर्च ने एक साल में दिया जबरदस्त रिटर्न, शेयरों में आई तूफानी तेजी

नई दिल्ली



सीएनआई रिसर्च जिसने अपने प्रदर्शन से निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। बीते एक साल में इस पेनी स्टॉक ने निवेशकों को 654.59 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न देकर सभी को हैरानी में डाल दिया है।

इसके शेयरों में तूफानी तेजी दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर मंगलवार को 17.19 रुपए के लेवल पर कामकाज की शुरुआत की और कुछ देर बाद पांच फीसदी के अपर सर्किट के साथ 17.28 रुपए के लेवल पर 52 वीक का नया हाई छुआ है। कारोबार के आखिर में बीएसई पर यह 4.98 फीसदी तेजी के साथ 17.28 रुपए के लेवल पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में कुछ शेयर ऐसे होते हैं जो निवेशकों को कम समय में ही शानदार रिटर्न देकर मालामाल कर देते हैं। अगर सीएनआई रिसर्च के शेयरों का प्रदर्शन देखें तो बीते एक हफ्ते में 27.34 फीसदी की तेजी आई है। इसने बीते एक महीने में 19.15 फीसदी का रिटर्न दिया है। बीते 3 महीने में 47.19 फीसदी तेजी आई है। इस साल 644.83 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। बीते 3 साल में कंपनी के शेयरों में 441.69 फीसदी मजबूती आई। मल्टीबैगर कंपनी सीएनआई रिसर्च का 52 वीक का हाई प्राइस 17.28 रुपए है। वहीं, 52 वीक का लो प्राइस 2.14 रुपए है। इस कंपनी का मार्केट कैप 263 करोड़ रुपए है। कंपनी रिसर्च फर्म के रूप में काम करती है।

# क्विक कॉमर्स कारोबार में उतरेगी एमेजॉन, निर्यात लक्ष्य 80 अरब डॉलर रखा

नई दिल्ली




क्विक कॉमर्स कारोबार में तेजी को देखते हुए एमेजॉन ने भी इस क्षेत्र में उतरने का फैसला किया है। इसके साथ ही कंपनी ने 2030 तक भारत से कुल निर्यात का लक्ष्य बढ़ाकर 80 अरब डॉलर कर दिया है। 'विकसित भारत' संकल्प के तहत 2025 तक कंपनी ने 20 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। एमेजॉन के शीर्ष

अधिकारियों ने कहा कि इस साल कंपनी ने 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया है और वह 2025 में 20 अरब डॉलर के अपने पिछले निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। एमेजॉन की प्रतिस्पर्धी कंपनी वॉलमार्ट भी भारत से आपूर्ति लक्ष्य बढ़ा रही है। उसने 2027 से सालाना 10 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं की आपूर्ति का लक्ष्य रखा है।

एमेजॉन इंडिया ने 15-मिनट में सामान की डिलिवरी करने की सेवा शुरू करने की योजना का खुलासा किया। एमेजान इंडिया के कंट्री हेड ने कहा कि कंपनी इस महीने बेंगलूरु में इसे प्रायोगिक तौर पर शुरू करेगी। हालांकि उन्होंने क्विक कॉमर्स योजना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि क्विक कॉमर्स में हमारा ध्यान सबसे तेजी के साथ कई वस्तुओं की आपूर्ति करने की है। हमने 42 हजार से ज्यादा विक्रेताओं से ऑर्डर के दिन या उसके अगले दिन करीब तीन करोड़ से ज्यादा उत्पादों की आपूर्ति की है।

उन्होंने कहा कि भारत में बहुत कुछ ऐसा है जहां हम अभी तक नहीं पहुंचे हैं। हम बड़े शहरों में क्विक कॉमर्स की बात करते हैं लेकिन हमें देश के अन्य हिस्सों के बारे में भी सोचना चाहिए। निर्यात योजना के बारे उन्होंनेने कहा कि भारतीय एमएसएमई, विनिर्माताओं और स्टार्टअप के साथ ही मेड इन इंडिया उत्पादों की आपूर्ति के लिए एमेजॉन के वैश्विक बिक्री योजना के जरिये कंपनी ने 80 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य हासिल करने की योजना बनाई है। इनमें घरेलू व रसोई संबंधी उत्पाद, कपड़े और परिधान, खिलौने, स्वास्थ्य और पोषाहार, आयुर्वेद उत्पाद आदि शामिल हैं। एमेजॉन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि भारत एमेजॉन के लिए प्रमुख बाजार है और हमारा दृष्टिकोण छोटे कारोबारों को डिजिटल बनाने, निर्यात को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के सरकार के नजरिये के अनुरूप है। एमेजॉन भारत में 11 साल से कारोबार कर रही है। कंपनी ने अपने संभव वेंचर फंड के जरिये घरेलू विनिर्माण पर केंद्रित स्टार्टअप के लिए 12 करोड़ डॉलर खर्च करने की योजना है।

# सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

नई दिल्ली

**घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी नजर आ रही है। सोना 770 रुपये से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी ने भी 4,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक की छलांग लगाई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 78,750 रुपये से लेकर 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,220 रुपये से लेकर 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है।**



**चांदी ने लगाई 4,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक की छलांग**

चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी भाव में तेजी आने से से सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : वेंकटेश अय्यर के हरफनमौला प्रदर्शन से मध्य प्रदेश सेमीफाइनल में

अलूर (कर्नाटक)

हरप्रीत सिंह और वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मध्य प्रदेश ने अलूर में सौराष्ट्र को चार गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर 2010-11 के बाद पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में मध्य प्रदेश ने 19.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वेंकटेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए, इसके अलावा उन्होंने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। दूसरी तरफ हरप्रीत ने नौ गेंदों पर आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 22 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मध्य प्रदेश के लिए अर्पित गौड़ (29 गेंदों पर 42 रन), सुभ्रांशु सेनापति (16 गेंदों पर 24 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (18 गेंदों पर 28 रन) ने भी मध्य प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, सौराष्ट्र के लिए चिराग जानी ने 45 गेंदों पर नाबाद 80 रन बनाए। जानी ने अपनी पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने सौराष्ट्र के लिए आखिरी तीन ओवरों में 45 रन जोड़े। एक समय 36 गेंदों पर 54 रन बनाने वाले गोहिल ने 18वें ओवर से दो चौके और एक छक्का लगाया। चिराग के अलावा हार्विक देसाई और जय गोहिल ने 17-17 रन बनाए, जबकि प्रेरक मांकड ने 16 और विश्वराज जडेजा ने 15 रन बनाए।

## कीर्ति आजाद ने डीडीसीए पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। डीडीसीए अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल कीर्ति आजाद ने डीडीसीए अधिकारियों पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मिले लगभग 140 करोड़ रुपए का केवल एक हिस्सा ही खर्च किया। वहीं वर्तमान अध्यक्ष रोहन जेटली सहित डीडीसीए के मौजूदा पदाधिकारियों ने अभी तक आजाद के आरोपों का कोई जवाब नहीं दिया है। डीडीसीए की बैलेंस शीट के अनुसार राज्य इकाई को पिछले वित्तीय वर्ष में बीसीसीआई से 70 करोड़ रुपये की अनुदान आय प्राप्त हुई जबकि आईपीएल आय, बीसीसीआई से मैच फीस और अंतरराष्ट्रीय मैचों की टिकट बिक्री सहित अन्य स्रोतों से उसे लगभग 67 करोड़ रुपए की कमाई हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### बीबीएल: मेलबर्न स्टार्स के कप्तान बने मार्कस स्टोइनिस




**मेलबर्न।** मार्कस स्टोइनिस को आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सत्र के लिए मेलबर्न स्टार्स का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जो लंबे समय से कप्तान रहे ग्लेन मैक्सवेल की जगह लेंगे जिन्होंने पिछली गर्मियों के अंत में कप्तानी छोड़ दी थी। 35 वर्षीय स्टोइनिस ने पिछले सीजन में मैक्सवेल की अनुपस्थिति में एक बार पहले भी स्टार्स का नेतृत्व किया था, जब मैक्सवेल अपने टूटे हुए पैर के कारण पूरे 2022-23 बीबीएल सीजन से चूक गए थे। स्टोइनिस, मैक्सवेल के बाद स्टार्स के लिए 100 बीबीएल मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं और पिछले सीजन के अंत में उन्होंने तीन साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका मतलब है कि वह 2026-27 के अंत तक क्लब में बने रहेंगे। स्टोइनिस ने कहा कि उन्हें यह भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। पिछले साल मैक्सी की अनुपस्थिति में मुझे टीम की कप्तानी करने का थोड़ा अनुभव था और मुझे यह अवसर बहुत पसंद आया, इसलिए पूर्णकालिक भूमिका मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। पिछले 10 सालों से हर साल गर्मियों में स्टार्स मेरे जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं और मुझे सच में विश्वास है कि मैदान के अंदर और बाहर हमने जो समूह बनाया है, वह क्लब को लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता दिला सकता है। स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने पिछले पांच सत्रों में कप्तान के रूप में मैक्सवेल के योगदान को स्वीकार किया। क्राउच ने कहा, सबसे पहले, मैं पिछले पांच सत्रों में टीम का नेतृत्व करने के लिए ग्लेन मैक्सवेल के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करना चाहता हूं और वह क्लब में सभी के लिए एक बेहतरीन संसाधन बने रहेंगे। मार्कस ने पिछले साल अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और लंबे समय से टीम के वरिष्ठ सदस्य हैं। यह बहुत बढ़िया है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो हमारे शुरू से ही स्टार्स में रहा है, वह बीबीएल14 में हमारे क्लब का नेतृत्व कर रहा है। स्टोइनिस के सीज़न के शुरुआती हिस्से में कमजोर लाइन-अप की अगुआई करने की संभावना है। यह अज्ञात है कि मैक्सवेल अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से कब वापसी करेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि कम से कम सीज़न के पहले मैच में उनका खेलना संभव नहीं है।

### सिराज को समझाएं भारतीय टीम के सीनियर गेंदबाज : टेलर

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों का युवा तेज गेंदबाज मो सिराज को समझाना चाहिये कि अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना विकेट का जश्न मानना गलत है। टेलर ने ये बात इसलिए कही क्योंकि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में खेले गये दिन-रात के दूसरे टेस्ट में सिराज की मेजबान बल्लेबाज ट्रेविस हेड से बहस हुई थी। इसी को लेकर टेलर ने कहा कि सिराज को जब लगता है कि बल्लेबाज आउट है तो वह अंपायर का फैसला आने से पहले ही जश्न मनाने के लिए अपने साथियों की तरफ दौड़ पड़ते हैं। टेलर ने कहा, ''इसलिए मैं चाहूंगा कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे बात करें। उन्होंने कहा, ''मुझे उसका जोश पसंद है, मुझे उसका प्रतिस्पर्धी स्वभाव पसंद है। मुझे यह तथ्य पसंद है कि हमारे पास वास्तव में एक अच्छी सीरीज चल रही है पर खेल का सम्मान भी है जिसे बनाए रखने की जरूरत है। एडिलेड में गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में हेड से बहस करने के बाद सिराज पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना भी लगा। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 10 विकेट से जीतकर पांच मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच का मानना है कि सिराज के दिमाग ने कुछ देर के लिए काम नहीं किया। इस भारतीय तेज गेंदबाज को बाद में इसका पछतावा भी हुआ। साथ ही कहा, ''सिराज ने तब दिमाग से काम नहीं लिया जबकि खेल में इस प्रकार की बातें नहीं होनी चाहिये।

### चेंगदू के मिडफील्डर मुटेलिप को टखने में लगी चोट

**बीजिंग।** चीनी सुपर लीग (सीएसएल) क्लब चेंगदू रोंगचेंग ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके



मिडफील्डर मुटेलिप इमिनकारी को अंडर-21 मैच खेलते समय टखने में चोट लग गई है। चेंगदू क्लब ने एक बयान में कहा कि रविवार को खेल के दौरान विपक्षी खिलाड़ी द्वारा टैकल किए जाने के बाद 20 वर्षीय खिलाड़ी के दाहिने टखने में लिगामेंट की चोट लग गई। चेंगदू की टीम ने कहा कि मुटेलिप को दो से तीन सप्ताह तक मैदान से बाहर रहना होगा। नवंबर की शुरुआत में 2024 सीएसएल अभियान समाप्त होने के बाद से, मुटेलिप पिछले एक महीने से चेंगदू अंडर-21 टीम के साथ खेल रहे थे।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# नंबर वन बल्लेबाज बने हैरी ब्रूक, गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार




नई दिल्ली

हैरी ब्रूक ने बुधवार को जो रूट को पछाड़कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं गेंदबाजों की सूची में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बदलाव हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सितारों ने अद्यतन सूची में बड़ी बढ़त हासिल की है।

पिछले हफ्ते वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आठवें टेस्ट शतक के दम पर ब्रूक ने रूट को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया, इंग्लैंड के दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अब रैंकिंग में रूट पर एक अंक की बढ़त बना ली है। ब्रूक के कुल 898 रेटिंग अंक हैं, जबकि रूट के 897 अंक हैं।

रूट ने इस साल जुलाई में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था और अपने शानदार करियर में कुल नौ बार पहले स्थान पर रहे हैं। ब्रूक ने बेसिन रिजर्व में ब्लैक कैप्स पर इंग्लैंड की 323 रनों की प्रभावशाली जीत के दौरान 123 और 55 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टार ट्रैविस हेड छह पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पूर्व नंबर 1 रैंक वाले बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल (दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरिन (15 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में ऊपर चढ़े हैं।

टेस्ट गेंदबाजों की सूची में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर हैं। मिशेल स्टार्क (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर), क्रिस वोक्स (दो स्थान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर) और गस एटकिंसन (चार स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (चार स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर) शीर्ष 20 में वापस आ गए हैं।

भारत के स्पिनर रवींद्र जडेजा ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 पर बने हुए हैं।

वनडे रैंकिंग में वेस्टइंडीज के दो खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले दो मैचों के बाद बढ़त हासिल की है। शाई होप बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं और उनके साथी गुडाकेश मोती गेंदबाजों की सूची में चार स्थान की छलांग के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अपडेट की गई टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पाकिस्तान के लिए भी कुछ खुशी है, कप्तान मोहम्मद रिजवान बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी गेंदबाजों की सूची में छह स्थान की छलांग के साथ 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# एफआईवीबी ने की वॉलीबॉल नेशंस लीग 2025 के लिए मेजबान शहर और पूल की घोषणा




जिनेवा

**विश्व वॉलीबॉल नियामक संस्था एफआईवीबी ने मंगलवार को 2025 वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) के विवरण की घोषणा की, जिसमें मेजबान शहर, पूल, कार्यक्रम और टिकट शामिल हैं।**

महिलाओं की प्रतियोगिता 4-8 जून, 2025 तक तीन शहरों - कनाडा के ओटावा, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो और चीन की राजधानी बीजिंग में होगी, जबकि पहले सप्ताह की पुरुषों की प्रतियोगिता 11-15 जून तक कनाडा के क्यूबेक शहर, रियो डी जेनेरियो और चीन के शीआन में आयोजित की जाएगी।

महिलाओं की प्रारंभिक प्रतियोगिता 9-13 जुलाई को नीदरलैंड के एपेलडॉर्न, संयुक्त राज्य अमेरिका के अर्लिंग्टन और जापान के कैंटो में आयोजित की जाएगी, जबकि पुरुषों की टीमें अपने अंतिम प्रारंभिक मैचों में 15-20 जुलाई को पोलैंड के ग्दांस्क, स्लोवेनिया के ल्युब्लजाना और कैंटो में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

2025 वीएनएल में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 16 से बढ़ाकर 18 कर दी गई है, क्योंकि चीन और यूक्रेन को पुरुषों की सूची में जोड़ा गया है, जबकि चेक गणराज्य और बेल्जियम को महिलाओं की सूची में रखा गया है।

इसका मतलब है कि प्रारंभिक चरण में तीन सप्ताह में प्रत्येक लिंग के लिए कुल 108 मैच खेले जाएंगे, और प्रत्येक टीम 12 मैच खेलेगी।

महिलाओं की प्रतियोगिता के लिए फाइनल 23-27 जुलाई और पुरुषों के लिए 30 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा।

## बुडापेस्ट में विश्व एक्वेटिक तैराकी




बुडापेस्ट में विश्व एक्वेटिक तैराकी में अमेरिका की डगलेस केट महिलाओं की 200 मीटर मेडले फाइनल जीतने के बाद उत्साहित होती हुई।

# भारतीय पुरुष और महिला टीमें विश्व स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में

नई दिल्ली

भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व स्क्वैश टीम चैंपियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को हांगकांग-चीन में खेले गए मुक़ाबले में दोनों टीमों ने प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया।

भारतीय महिला टीम ने इटली को 3-0 से हराया जबकि पुरुष टीम कोलंबिया से 1-2 से हार गई, लेकिन कोलंबिया ने आयरलैंड को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफलता हासिल की, जिससे भारतीय टीम अपने प्रारंभिक समूह में दूसरे स्थान पर रही।

भारतीय पुरुष टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से भिड़ेगी, जबकि महिला टीम अगले चरण में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। दोनों वर्गों के प्री-क्वार्टर फाइनल में 12 टीमें होंगी, जिनमें से चार को बाई दिया जाएगा।

अपने आखिरी लीग मैच में भारतीय महिला टीम ने इटली को 3-0 से हराया, जिसमें आकांक्षा सालुंखे, अनाहत सिंह और निरुपमा दुबे ने सीधे गेम में अपने-अपने मैच जीते।

स्क्वैश रैंकिंग में 206वें स्थान पर काबिज निरुपमा दुबे ने मुकाबले के शुरुआती मैच में



बीट्राइस फिलिप्पी को केवल 15 मिनट में 3-0 (11-4, 11-3, 11-1) से हराया।

विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत सिंह ने विश्व की 131वें नंबर की खिलाड़ी क्रिस्टीना टार्टारोन को 3-0 (11-3, 11-9, 11-3) से हराकर इसे और मजबूत किया, वहीं, विश्व की 70वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने फ्लाविया मिसेली को 3-0 (11-3, 11-3, 11-1) से हराया।

भारतीय पुरुष टीम कोलंबिया से 2-1 से हार गई, लेकिन बाद में आयरलैंड को हराने के बाद भारतीय पुरुष ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे और प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष रैंकिंग में 17वें स्थान पर रहने वाले मिगुएल रोड्रिग्ज से पहला मैच 3-1 (4-11, 8-11, 11-5, 4-11) से गंवा दिया। वीर चोटरानी ने शानदार परिणाम के साथ भारत को बराबरी पर ला खड़ा किया। 87वें स्थान पर काबिज चोटरानी ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जुआन कैमिलो वर्गास (39वें स्थान) के खिलाफ 3-1 (11-8, 11-9, 12-14, 11-5) से जीत हासिल की।

सूरज कुमार चंद (159वें स्थान) को टाई के अंतिम मैच में दुनिया के 78वें नंबर के खिलाड़ी रोनाल्ड पालोमिनो के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और सीधे गेमों (11-5, 11-6, 11-3) में हार का सामना करना पड़ा। कोलंबिया ने 2-1 से जीत दर्ज की और बाद में आयरलैंड को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय पुरुषों ने सोमवार को आयरलैंड को 2-1 से हराया था।

# एचआईएल जैसी लीग में खेलने का सपना देखा करती थी : वंदना कटारिया

बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम में करीब 15 साल के कठिन सफर के बाद, वंदना कटारिया इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने की कगार पर हैं क्योंकि वह अगले साल की शुरुआत में उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए मैदान में उतरने के लिए खुद को तैयार कर रही हैं।

वंदना ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है। शिविर में उत्साह है क्योंकि सभी खिलाड़ी इस अनुभव का आनंद लेने और उच्च स्तर पर हॉकी खेलने के लिए उत्सुक हैं। हम सभी उम्मीद कर रहे हैं कि महिला एचआईएल एक बड़ी सफलता होगी और पुरुषों की एचआईएल जितनी ही चर्चा बटोरेगी। और हम बेहद उत्साहित हैं और इसे संभव बनाने के लिए हॉकी इंडिया का जितना धन्यवाद करें, कम है।



वंदना भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 317 मैच खेल चुकी हैं और इस दौरान उन्होंने 158 गोल किए हैं। वह उस टीम का भी अहम हिस्सा थीं, जिसने तमाम मुश्किलों के बावजूद टोक्यो 2022 ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल किया। फिर भी, एचआईएल में खेलने के विचार ने उनके अंदर जोश भर दिया और वंदना इसका श्रेय एचआईएल के भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर पड़ने वाले प्रभाव को देती हैं।

वंदना ने बताया, पिछले संस्करणों में, पुरुष टीम को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ घुलने-मिलने, उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने का मौका मिला और जैसा कि सभी देख सकते हैं, इससे टीम को काफी मदद मिली है और वे अब लगातार पदक जीत रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इस साल जब महिला एचआईएल चार टीमों के साथ शुरू होगी, तो भी यही प्रभाव होगा। यह उन खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर होगा, जो राष्ट्रीय शिविर में अपनी क्षमता दिखाने और विभिन्न कोचों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने में विफल रहे। इससे भारतीय महिला हॉकी टीम में आने वाली प्रतिभाओं के बेल्ट को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।


उन्होंने कहा, जब पहले एचआईएल पुरुषों के लिए चल रहा था, तो मैं उन मैचों को देखती थी और सपना देखता थी कि मैं एक दिन इस तरह की लीग में खेलूंगी। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि यह अब हकीकत है और हम लीग शुरू होने में बस एक महीने से ज़्यादा समय दूर हैं। महिला टीम इसे अपनी क्षमता दिखाने के अवसर के रूप में देख रही है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने से निस्संदेह हमारे प्रदर्शन और आत्मविश्वास में सुधार होगा।

वंदना के अलावा, श्राची रार बंगाल टाइगर्स में उदिता, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, महिमा चौधरी और सुशीला चानू जैसी मजबूत भारतीय कोर है। वह ओलंपिक कांस्य पदक विजेता फियोना क्रैकल्स और ऑस्ट्रेलिया की तीन बार की ओलंपियन ग्रेस स्टीवर्ट के साथ ड्रेसिंग रूम भी साझा करेंगी। उनकी टीम में ज्योति एडुला, मुमुनी दास और लालरिनपुई जैसी कुछ युवा भारतीय संभावनाएँ भी हैं।

32 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, महिला एचआईएल मेरे लिए अपनी क्षमताओं को दिखाने का एक मौका है ताकि मैं भारतीय टीम में अपनी जगह बनाए रख सकूं, लेकिन एक फॉरवर्ड के रूप में, मैं टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ अच्छा तालमेल बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करूंगी। लीग कुछ खिलाड़ियों को उनके खोल से बाहर निकालकर उन्हें अधिक सहज बनाने के लिए भी बाध्य करती है। यह अनुभव अंतरराष्ट्रीय और भारतीय दोनों ही तरह के सभी खिलाड़ियों के लिए सुधार के क्षेत्रों पर भी प्रकाश डालेगा। उन साथियों के खिलाफ खेलना भी दिलचस्प होगा जो आपको सालों से जानते हैं और आपकी सभी आदतों से वाकिफ हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम एक अच्छा टीम प्रदर्शन करना चाहेंगे, पूरे सीजन में सुधार करेंगे और लीग जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।




मौसम में बहुत ज्यादा बदलाव न होने की स्थिति में, धरती पर सूर्य की पहली और आखिरी किरणें लगभग हर दिन एक तय समय पर पड़ती हैं, लेकिन पृथ्वी पर सूर्य अलग-अलग समय पर निकलता है। भारत और अमेरिका की घड़ी में भी काफी अंतर है। यही नहीं, अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों में भी समय में काफी अंतर पाया जाता है। धरती के विभिन्न देशों में दिन की लंबाई अलग-अलग होती है, कहीं दिन काफी लंबे होते हैं तो कहीं रातें बहुत लंबी होती हैं। ऐसे में, क्या आप जानते हैं कि यूरोपीय महाद्वीप में एक ऐसा देश भी है जहां रात सिर्फ 40 मिनट की होती है? यहां सूर्य आधी रात के बाद डूबता है और कुछ ही देर में फिर सुबह हो जाती है। आइए जानें। नॉर्वे, यूरोप का एक खूबसूरत देश है जो आर्कटिक सर्किल में स्थित है। इस देश की सबसे बड़ी खासियत है यहां का *आधी रात का सूरज*। मई से जुलाई के बीच, लगभग 76 दिनों तक, नॉर्वे में सूरज कभी नहीं डूबता। इसका मतलब है कि यहां रात के 12.43 बजे सूरज डूबता है और मात्र 40 मिनट बाद, रात 1.30 बजे फिर से उग जाता है। इस अनोखी घटना के कारण ही नॉर्वे को *लैंड ऑफ मिडनाइट सन* के नाम से जाना जाता है। यह खगोलीय घटना नॉर्वे की भौगोलिक स्थिति के कारण होती है। आर्कटिक सर्किल के पास होने के कारण, गर्मी के महीनों में सूर्य की किरणें इस क्षेत्र पर सीधे पड़ती हैं और लंबे समय तक दिन का एहसास होता रहता है। यह खूबसूरत नजारा देखने के लिए दुनिया भर से पर्यटक नॉर्वे आते हैं। आधी रात के सूरज के अलावा, नॉर्वे में फ्यॉर्ड्स, ग्लेशियर और उत्तरी लाइट्स जैसे कई अन्य नेचुरल अट्रैक्शन भी हैं जो इसे एक फेमस टूरिस्ट स्पॉट बनाते हैं। नॉर्वे को लैंड ऑफ मिडनाइट सन इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहां मई से जुलाई तक सूरज लगभग 76 दिनों तक 40 मिनट से ज्यादा समय के लिए नहीं डूबता। हालांकि, उत्तरी ध्रुव के नजदीक होने के कारण यहां साल भर ठंड का मौसम रहता है। बर्फ से ढके पहाड़ और ग्लेशियर यहां के प्रमुख आकर्षण हैं। टूरिज्म नॉर्वे की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है, जिसने इसे दुनिया के सबसे अमीर देशों में से एक बनाया है।



## करीना कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की तस्वीरें



बॉलीवुड के शोमैन कहे जाने वाले राज कपूर की 100वीं जयंती पर 14 दिसंबर को कपूर परिवार ने एक बड़ा आयोजन किया है। इस शताब्दी कार्यक्रम में दिग्गज कलाकार और नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न्योता देने मंगलवार को कपूर परिवार के सदस्य नीतू कपूर, रणबीर कपूर, करिश्मा कपूर, करीना कपूर, सैफ अली खान, आलिया भट्ट, आधार जैन, अनीसा मल्होत्रा दिल्ली गए। प्रधानमंत्री आवास जाकर मोदी से मुलाकात करके उन्हें आमंत्रित किया। कपूर परिवार के सदस्यों ने बुधवार को इस मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस करीना कपूर ने फोटो शेयर करते हुए लिखा कि हमारे महान दादा राज कपूर की असाधारण जीवन यात्रा एक बार फिर फिल्मों के जरिए दर्शकों के सामने आएगी। हमने इस विशेष कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीना कपूर ने आगे लिखा कि हम भारतीय सिनेमा में दादाजी की कलात्मकता, दूरदर्शिता और योगदान के 100 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हैं, हम उनकी विरासत के स्थायी प्रभाव का सम्मान करते हैं, जो हमें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। हमें उनकी प्रतिष्ठित फिल्मों को प्रदर्शित करने और *राज कपूर 100 फिल्म फेस्टिवल* के माध्यम से भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को मनाने पर गर्व है। फिल्म महोत्सव 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 40 शहरों और 135 थिएटरों में 10 फिल्में दिखाई जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीना-सैफ के बच्चों तैमूर और जेह को खास तोहफा दिया। नरेंद्र मोदी ने एक कागज के टुकड़े पर टिम (तैमूर) और जेह का नाम लिखकर अपने हस्ताक्षर किए। करीना ने इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम और स्टोरी पर भी शेयर किया है।

## शबाना आजमी ने फायर फिल्म के बारे में की बात



फिल्म *फायर* के बोल्ड सब्जेक्ट और अलग कहानी की चर्चा आज भी होती है। फिल्म फायर में नंदिता दास और शबाना आजमी के बीच एक इंटीमेट सीन था। कई लोगों ने इस सीन को फिल्म का विषय समझा, लेकिन कुछ लोगों ने इसकी आलोचना की। आखिरकार शबाना आजमी ने इतने सालों बाद इस सीन को करने का अनुभव शेयर किया है। शबाना आजमी ने एक इंटरव्यू में खुलासा करते हुए कहा कि जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, तो मुझे यह बहुत पसंद आई, क्योंकि मैं अच्छी तरह से जानती थी कि भारत में ऐसे विषयों पर खुलकर बात की जानी चाहिए। इस विषय को हमेशा दबाया गया है। शबाना आजमी ने फिल्म फायर में इंटीमेट सीन शूट करने का अनुभव शेयर किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत मुश्किल था। मैं उस समय नंदिता को नहीं जानती थी। शूटिंग के पहले दिन दीपा ने हमें लव-मेकिंग सीन की रिहर्सल करने के लिए कहा। नंदिता और मैंने दोनों ने पहले कभी ऐसा सीन नहीं किया था। इसलिए रिहर्सल के दौरान नंदिता ने मेरे होठों पर अपनी उंगली रखी, लेकिन यह रोमांटिक नहीं लगा।


Government of Assam
COOPERATION DEPARTMENT

**Financial Assistance to eligible Cooperatives of Assam for the year 2024-25**

**Categories**

A. Gaon Panchayat Samabai Samities.

B. Woman Cooperative Societies.

C. Dairy Cooperative Societies.

D. Other Coop Societies.

(i) Coop Societies for implementation of BBSSL
(ii) Coop Societies for implementation of NCCF/NAFED
(iii) Coop Societies for implementation of Jan Aushadhi Kendra
(iv) Coop Societies doing business on Traditional Items

**General Eligibility Criteria**

a) The beneficiary should be a Cooperative Society duly registered under Assam Cooperative Societies Act, 2007.

b) The Co-operative Society should have got their accounts audited regularly for the financial years 2021-22,2022-23 and 2023-2024.

c)The societies should be holding AGM and /or Election regularly for the last 3(three) years.

**Eligible state level cooperatives societies can also apply**

**The above schemes are only applicable to the cooperative societies of the general area.**

**Detailed Eligibility criteria and online application form is available on www.farcs.assam.gov.in**

**DATE FOR SUBMISSION OF APPLICATION IS FROM 12/12/2024 TO 20/12/2024**

Submission of online application does not guarantee selection.
Please contact the concerned office of the district deputy Registrar of Cooperative Societies for further details.

PUBLISHED BY: OFFICE OF THE REGISTRAR OF COOPERATIVE SOCIETIES, ASSAM -- Janasanyog/D/10293/24/12-Dec-24


मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**